नई दिल्ली
गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 02
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 22

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

और बढ़ सकते हैं दाम

सोने ने लगाई तूफानी छलांग पहली बार 94 हजार रु. के पार



नई दिल्ली। सोने के दाम ने 16 अप्रैल को नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,477 बढ़कर 94,579 पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,102 थी। शेष पेज 5 पर

यह प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया

एटीएम ऑन व्हील्स... भारत में 'पहली बार' ट्रायल के तौर पर ट्रेन में लगाई गई एटीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाकर सफल परीक्षण किया है। जो अपने आप में सबसे बड़ी पहल है।

अच्छी खबर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी साझा किया है। जिसमें एटीएम को ट्रेन में कहां लगाया गया है, इसे समझाया गया है। इस खास पहल का मकसद जनता को ट्रेन के सफर के दौरान भी पैसे निकालने की सुविधा देना है। इस तरह का पहला प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया है। इस पहल को – एटीएम ऑन व्हील्स - नाम दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस एटीएम की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर की है, जो खूब चर्चा में है। यह पहल रेलवे बोर्ड के उस निर्देश का हिस्सा है जिसमें कहा गया था कि यानि किराए के अलावा कमाई बढ़ाने के लिए नई और नई सोच के तरीके अपनाए जाएं। इसी के तहत 25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई।

25 मार्च 2025 को रेलवे ने सभी संभावित वेंडरों के साथ एक बैठक की। इसमें चलती ट्रेनों में मोबाइल एटीएम लगाने का विचार रखा गया, जिसे बाद में मंजूरी भी मिल गई

रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन में झटकों और कंपन से बचाया गया

कैसे हुआ ट्रायल?

ट्रेन में एटीएम का का पहला ट्रायल 10 अप्रैल 2025 को मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस में किया गया। ट्रेन के मिनी पैंट्री (छोटे किचन) वाले हिस्से को एटीएम लगाने के लिए तैयार किया गया। रेलवे की मैकेनिकल टीम ने यह काम किया और एटीएम को सुरक्षित रूप से फिट किया। रबर पैड और बोल्ट्स की मदद से एटीएम को ट्रेन के चलने के दौरान लगने वाले झटकों और कंपन से बचाया गया। दो अग्निशमन यंत्र भी उस जगह पर लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षा बनी रहे।

इस पहल का उद्देश्य क्या है?

ट्रेन में एटीएम लगाने से यात्रियों को कहीं भी आते-जाते पैसे निकालने की सुविधा देना है। इसके अलावा किराए के अलावा रेलवे को अतिरिक्त कमाई का जरिया मिलना और साथ ही रेलवे को और आधुनिक और स्मार्ट बनाना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

खबर संक्षेप

नीट यूजी: पुराने फॉर्मेट पर होगा नीट एग्जाम

नई दिल्ली। नीट यूजी 2025 परीक्षा में बड़े बदलाव हो सकते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) फिर से पुराने पैटर्न पर नीट यूजी कराने की तैयारी कर रही है। उम्मीदवारों को 180 मिनट के भीतर 180 अनिवार्य प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। नीट यूजी एग्जाम 4 मई 2025 को निर्धारित है।

संगीत में एआई के दुरुपयोग पर जताई चिंता

मुंबई। संगीतकार एआर रहमान का कहना है कि संगीत में एआई के इस्तेमाल के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, लेकिन नियंत्रित नहीं किया तो अराजकता फैल जाएगी। वे नई तकनीक के खिलाफ नहीं हैं और फिल्म लाल सलाम के एक गीत के लिए दिवंगतों की आवाज के लिए एआई का उपयोग किया।

12 भारतीयों को ले जा रहे विमान की आपात लैंडिंग

काठमांडू। एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू में उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के अधिकारी ने बताया कि खराबी के बाद उसे त्रिभुवन हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया।

वक्फ पर 70 याचिकाओं की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, आज दोपहर 2 बजे सुनवाई के बाद आ सकता है कोई अंतरिम आदेश

सीजेआई खन्ना ने कहा कि 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं, उनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी, ऐसी संपत्तियों को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे?

केंद्र से पूछा क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार?

सीजेआई ने कहा कि सभी पुराने स्मारक, जामा मस्जिद भी संरक्षित ही रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ संशोधित कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने इस मामले में दायर 70 याचिकाओं पर सुनवाई की।

पीठ ने पक्षों से दो बिंदुओं पर विचार करने को कहा। पहला- क्या उसे मामले की सुनवाई करनी चाहिए या इसे हाईकोर्ट को सौंप देना चाहिए और दूसरा- वकील किन बिंदुओं पर बहस करना चाहते हैं? इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के सामने कानून की खामियां गिनाईं। सरकार ने कानून के पक्ष में दलीलें दीं। कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' को लेकर भी सरकार से कठिन सवाल किए। इसके बाद केंद्र ने कोर्ट से मामले की सुनवाई गुरुवार को करने का निवेदन किया। कोर्ट ने दोपहर दो बजे का समय शेष पेज 5 पर

वक्फ बाय यूजर को आप रद्द कर देंगे तो समस्या होगी, विवाद ज्यादा लंबा चलेगा

देशभर में करीब आठ लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक संपत्तियां 'वक्फ बाई यूजर' के तौर पर दर्ज

1 केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं? क्या तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर-हिंदू हैं?

2 सीजेआई ने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को लेकर किए गए बदलावों पर सवाल किया

कोर्ट रूम में क्या हुआ?

▶▶ **सिब्बल** : राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं?
इससे पहले याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कोई वक्फ स्थापित करना चाहता है तो उसे यह दिखाना होगा कि वह पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहा है। राज्य को यह कैसे तय करना चाहिए कि वह व्यक्ति मुसलमान है या नहीं? पहले केवल मुसलमान ही वक्फ परिषद और बोर्ड का हिस्सा होते थे, लेकिन संशोधन के बाद अब हिंदू भी इसका हिस्सा हो सकते हैं। यह संसदीय अधिनियम द्वारा मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है।

▶▶ **सीजेआई** : वक्फ को पंजीकृत कराएंगे तो ये आपकी मदद करेगा।

▶▶ **जस्टिस विश्वनाथन** : कानून में झूठे दावों से बचने के लिए वक्फ डीड का प्रावधान है।

▶▶ **सीजेआई** : उच्च न्यायालय को याचिकाओं से निपटने के लिए कहा जा सकता है। जब वे शेष पेज 5 पर

13 मई को रिटायर हो रहे सीजेआई खन्ना ने की सिफारिश

जस्टिस बीआर गवई होंगे 'अगले' मुख्य न्यायाधीश

जस्टिस गवई का कार्यकाल 6 महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के लिए न्यायमूर्ति भूषण आर गवई के नाम की सिफारिश की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सिफारिश विधि मंत्रालय को भेज दी है। प्रस्ताव वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से भेजा गया है। वे 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। परंपरा के अनुसार, वर्तमान सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के रूप में सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की सिफारिश करते हैं। जस्टिस गवई वरिष्ठता के क्रम में सबसे आगे हैं, जिसके चलते उनके नाम की सिफारिश की गई है। इससे पहले कानून मंत्रालय ने सीजेआई जस्टिस खन्ना से उनके उत्तराधिकारी का नाम देने की आधिकारिक अपील की थी। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

■ जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था

वे 14 मई को सीजेआई पद की शपथ ले सकते हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल हालांकि छह महीने का ही होगा क्योंकि वे नवंबर 2025 में रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस गवई को 24 मई 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था।

नोटबंदी, बुलडोजर एक्शन व चुनावी बांड के फैसले के हिस्से रहे

जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था। जस्टिस गवई के पिता दिवंगत आरएस गवई भी एक मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता और बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल रहे। जस्टिस गवई ने अपने वकालत करियर की शुरुआत साल 2003 में बॉम्बे उच्च न्यायालय में बतौर एडिश्नल जज की थी। इसके बाद साल 2005 में वे स्थायी जज नियुक्त हुए। जस्टिस गवई ने 15 वर्षों तक मुंबई, नागपुर, औरंगाबाद और पणजी की पीठ में अपनी सेवाएं दीं। जस्टिस गवई के नाम पर अगर मुहर लगती है तो वे देश के दूसरे अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन साल 2010 में यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर शेष पेज 5 पर

उज्जैन 'सिंहस्थ-2028' की तारीखों की घोषणा

9 अप्रैल से 8 मई के बीच 3 शाही व 7 पर्व स्नान होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर हर 12 साल बाद एक सिंहस्थ यानी कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसका अगला आयोजन साल 2028 में होगा, जहां प्रदेश की मोहन सरकार ने इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 की अवधि और मुख्य पर्व की तारीखों का निर्धारण कर लिया गया है। दो माह चलने वाले सिंहस्थ कुंभ में तीन शाही स्नान और 7 पर्व स्नान 9 अप्रैल से 8 मई तक होंगे। सिंहस्थ कुंभ 27 मार्च से 27 मई 2028 तक चलेगा! उज्जैन सिंहस्थ कुंभ में करीब 14 करोड़ लोगों के आने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। शेष पेज 5 पर

नेशनल हेराल्ड केस में भाजपा ने दागे सवाल

करोड़ों की संपत्ति हथिया ली गई तो क्या कानून चुप बैठेगा: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने नेशनल हेराल्ड केस को लेकर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर करारा हमला बोला है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद राजनीति गरमा गई है। भाजपा ने नेहरू-गांधी परिवार को दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार करार दिया है। पूर्व कानून मंत्री और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको धरना करने का अधिकार है, लेकिन पब्लिक फंड और संपत्ति को लूटने का अधिकार नहीं है। क्या अब कानून अपना शेष पेज 5 पर

चौहान ने ब्राज़ील के कृषि उपकरणों की सराहना की व सहयोग की आशा व्यक्त की

भारत और ब्राज़ील वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में निभा सकते हैं बड़ी भूमिका : शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को साओ पाउलो में ब्राजील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय के 27 सदस्यों से विस्तृत बातचीत की। यह वार्ता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के दृष्टिकोण और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने की नीति के अंतर्गत आयोजित की गई। इस संवाद में भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, बेहतर उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों को अपनाने, बायो फ्यूल और बायोएनर्जी के उत्पादन में सहयोग, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसी संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और ब्राजील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्राजील की कृषि में मशीनों के व्यापक उपयोग, विशेषकर कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की और इन क्षेत्रों में सहयोग की आशा व्यक्त की। ब्राजील के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने शेष पेज 5 पर

नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट को वर्चुअली संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

जयशंकर ने विदेशी राजदूतों से किया पूर्वोत्तर के राज्यों को जानने-समझने का आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने 'नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट-2025' को संबोधित करते हुए विदेशी राजदूतों से अनुरोध किया कि वो देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को अच्छी तरह से समझ कर अपने देश की सरकारों और कंपनियों को इनके बारे में बताएं। उन्होंने कहा, हर लिहाज से यह क्षेत्र केंद्र में है और समय से साथ इसकी अहमियत और बढ़ेगी। भारत की सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। हम चाहते हैं कि आप इस क्षेत्र की विशेषताओं के बारे में भलीभांति जानें और फिर उनके बारे में अपने-अपने देशों की सरकारों और उद्योगों को बताएं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग शेष पेज 5 पर

भारत की महत्वपूर्ण नीतियां बताई

जयशंकर ने सम्मेलन को लेकर एक्स पर पोस्ट में बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए इस शिखर सम्मेलन में मैंने दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार, पर्यटन केंद्र और वैश्विक कार्यस्थल में योगदानकर्ता के रूप में पूर्वोत्तर क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुझे विश्वास है कि आगामी पूर्वोत्तर निवेशक शिखर सम्मेलन क्षेत्र की अनेक शक्तियों का लाभ उठाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को शेष पेज 5 पर

शनि और रविवार को बिहार में दो रैली करेंगे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे

महागठबंधन को इस बार बिहार से महा-आस, कांग्रेस ने तेज किया अभियान

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 19 और 20 अप्रैल को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दिल्ली में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बात मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरे का उद्देश्य महागठबंधन (कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), और अन्य सहयोगी दलों) को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में जोश भरना और गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे जैसे मुद्दों पर सहमति बनाना है। 19 अप्रैल को खड़गे बक्सर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बक्सर महागठबंधन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है, और यहां उनकी रैली का लक्ष्य स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करना होगा। 20 अप्रैल 2025 को पटना में कांग्रेस पार्टी रैली के माध्यम से दमखम दिखाने की कोशिश करेगी। रैली में गठबंधन के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे बिहार के सियासी हालात, चुनावी रणनीति और गठबंधन की एकजुटता पर जोर देंगे। मुख्यमंत्री और शेष पेज 5 पर

जातिगत जगणना में उलझी कर्नाटक की कांग्रेस सरकार, अपनों ने आंखें तरेरीं तो सकते में आए सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के लिए कास्ट सर्वे, जातिगत जनगणना सेल्फ-गोल में परिवर्तित होता दिख रहा है। जातिगत जनगणना के खिलाफ 30 कांग्रेसी लिंगायत विधायकों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। जिनमें कैबिनेट मंत्री एम.बी. पाटिल, शिवानंद पाटिल, और ईश्वर खांद्रे शामिल हैं। सभी ने एकसुर में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से सर्वे को खारिज करने का आग्रह किया। राज्य में उठे राजनीतिक तूफान से आलाकमान सतर्क हो गया है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नेतृत्व ने कैबिनेट की बैठक बुलाकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। आज, गुरूवार को राज्य कैबिनेट की बैठक आहूत की गई है। एक जटिल राजनीतिक चुनौती से कर्नाटक सरकार कैसे निकलती शेष पेज 5 पर

द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- परिसर खाली करा घंटों चला सर्च ऑपरेशन

नई दिल्ली। द्वारका कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। बुधवार को सघन तलाशी अभियान चलाया गया। घंटों तक चले तलाशी अभियान के बाद जांच एजेंसियों को कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद पुलिस व वकीलों ने राहत की सांस ली। इसके पहले स्कूलों और अस्पतालों को लगातार धमकी मिलने का सिलसिला जारी रह चुका है। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तड़के तीन बजकर 11 मिनट पर एक ईमेल मिला था। ईमेल में अदालत परिसर में बम रखे होने की सूचना दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि अदालत ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 50 मिनट पर इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। डॉग स्कवाड और बम निरोधक दस्ते को घटनास्थल पर भेज कर गहनता से जांच की गई। कई घंटों के तलाशी अभियान के बाद भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि मेल भेजने वाले ने दावा किया था कि अदालत में आरडीएक्स विस्फोटक रखा गया है। सुरक्षा संबंधी धमकी मिलने पर स्थानीय पुलिस, वरिष्ठ अधिकारी तथा बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) तुरंत अदालत परिसर पहुंचे। पुलिस मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी है।

बाहरी उत्तरी जिले की एएटीएस टीम ने एक शख्स किया गिरफ्तार

एनसीईआरटी की चार हजार से अधिक फर्जी किताबें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले की एएटीएस टीम ने समयपुर बादली इलाके में छापेमारी कर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की चार हजार से अधिक फर्जी पुस्तकें जब्त की हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम रोहिणी सेक्टर 16 निवासी अरविंद गुप्ता (33) बताया गया है। इसने कथित तौर पर दिल्ली में पुनर्बिक्री के लिए कई स्रोतों से फर्जी किताबें खरीदी थी।

डीसीपी निधि वासन के अनुसार एएटीएस टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर 12 अप्रैल को समयपुर बादली में एक दुकान पर छापा मारकर गुप्ता को गिरफ्तार किया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में फर्जी किताबें रखी और बेची जा रही हैं। डीसीपी ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं की एनसीईआरटी की कुल 4,091 फर्जी किताबें जब्त की गई। आरोपी दिल्ली और आसपास के राज्यों में विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस से नकली किताबें मंगाकर उन्हें बेचता था। गुप्ता पर कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63 और 65 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पांच ड्रग सप्लायर गिरफ्तार सवा करोड़ की हेरोइन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने एक ड्रग सिंडिकेट पर कार्रवाई की है। पांच ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 620 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। इसकी अनुमानित अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.25 करोड़ आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में ड्रग सिंडीकेट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए ए-75, खसरा नंबर 55/56, गली नंबर 1, स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी, भलस्वा डेयरी से साहिबुल को गिरफ्तार किया। उसके पास से कुल 300 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। केस दर्ज कर साहिबुल का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो वह तीन मामलों में शामिल पाया गया। उसके तीन भाई रंजना, रफीक और रहीस वर्तमान में हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। भलस्वा डेयरी थाने का यह मामला हेरोइन व्यापार को लेकर प्रतिद्वंद्विता से जुड़ा है। दूसरे ऑपरेशन में तीन हेरोइन सप्लायरों जतिन, अरुण और रविंदर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 320 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इससे पहले फरवरी में पुलिस ने इनके साथियों विजय उर्फ करण और निकेतन उर्फ निक्की को पकड़ा था। अब पकड़े गये तीनों आरोपियों को हेरोइन आपूर्ति के स्रोत के रूप में पहचाना गया था। तीसरे ऑपरेशन के तहत फारूक को नरेला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इसी मामले में चार व्यक्तियों विजय, अमीना बेगम, करीमन और मार्जिना को पहले ही 4.35 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। फारूक का आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें एनडीपीएस अधिनियम के तहत पहले भी कई मामले शामिल हैं। इसकी पत्नी आमना वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उस पर दो एनडीपीएस उल्लंघन सहित सात पूर्व मामले दर्ज हैं।

बांग्लादेशी दंपति को उनके नाबालिग बच्चे के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी दंपति को उनके बच्चे को पकड़ा गया है। तीनों को डिपोर्ट सेंटर भेजा गया है। जल्द ही उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर नरेला क्षेत्र में एक किराये पर रह रहे दंपति को हिरासत में लिया गया है। दोनों वयस्कों की पहचान 36 वर्षीय हिलाल हुसैन और उसकी 32 वर्षीय पत्नी तस्लीमा अख्तर के रूप में हुई है। अधिकारी के मुताबिक हिलाल मूल रूप से बांग्लादेश के बरगुना जिले का निवासी है और कई सालों से भारत में रह रहा था। शुरू में वह अपने माता-पिता के साथ यमुना पुश्ता झुग्गी इलाके में रहता था और बाद में बवाना जेजे कॉलोनी में रहने लगा। वह एक स्थानीय दूध की दुकान पर दिहाड़ी कर्मी के तौर पर काम करता था। पूछताछ के दौरान हिलाल ने खुलासा किया कि उसने करीब पांच साल पहले बांग्लादेशी नागरिक तस्लीमा से शादी की थी। तब से यह दंपति नरेला में रह रहा था। पुलिस ने पाया कि आधार कार्ड होने के बावजूद हिलाल भारत में कानूनी प्रवास की पुष्टि करने वाले कोई भी वैध यात्रा या इमीग्रेशन दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहा।

फर्जी पासपोर्ट रैकेट से जुड़े तीन एजेंट अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

एयरपोर्ट पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर पंजाब निवासी एक व्यक्ति को कनाडा भेजने का प्रयास करने वाले तीन ट्रैवल एजेंट गिरफ्तार किये गये हैं। इनके नाम रूपेंद्र सिंह (29), हरीश चौधरी (24) और विशाल धीमान (27) है। तीनों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल को कमलजीत सिंह के नाम का भारतीय पासपोर्ट रखने वाले एक व्यक्ति ने आईजीआई हवाई अड्डे से टोरंटो के लिए उड़ान भरने का प्रयास किया था। इमीग्रेशन जांच के दौरान अधिकारियों को तब शक हुआ, जब पासपोर्ट पर लगी तस्वीर व्यक्ति की शक्ल से मेल नहीं खा रही थी। पूछताछ करने पर यात्री ने अपनी असली पहचान पंजाब के मोहाली निवासी मनप्रीत सिंह (40) के रूप में बताई। उसने स्वीकार किया कि फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कनाडा की यात्रा करने वाला था। इसके लिए एक एजेंट रूपेंद्र सिंह को 20 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया गया था। यात्रा पूरी होने तक का पूरा सौदा 32 लाख रुपये में तय हुआ था। मनप्रीत अपने एक दोस्त के जरिये रूपेंद्र के संपर्क में आया था। बाद में उसकी रूपेंद्र के साथियों गुजरात के हरीश चौधरी और उत्तर प्रदेश के विशाल से महिपालपुर के एक होटल में मुलाकात हुई थी। होटल में मनप्रीत को फर्जी पासपोर्ट दिया गया था और बाद में आरोपी उसे हवाई अड्डे तक ले गए थे। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के बाद रूपेंद्र, हरीश और विशाल को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया। अब पुलिस तीनों के वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही हैं। धोखाधड़ी के अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता का पता लगाया जा रहा हैं।

पुलिसकर्मी पर चाकू से हमले में चार पकड़े

नई दिल्ली। आदर्श नगर इलाके में पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला करने के आरोप में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। पकड़े गये दो बालिग आरोपियों के नाम अंकित उर्फ टोंगरी (18) तथा हेमंत नेगी (18) है। पकड़े गए लोगों का कोई गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। इनसे वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। केस में दो अन्य आरोपियों की अभी भी तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक पीर बाबा मजार फ्लाईओवर के पास 11 अप्रैल को कुछ लोगों ने उपनिरीक्षक प्रेमपाल ढिवाकर पर चाकू से हमला किया था। उनके पेट पर गंभीर चोट आई थी। मैक्स अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। ढिवाकर वजीराबाद में उत्तर-पूर्वी जोन पीसीआर में तैनात हैं और आजादपुर की मंदिर वाली गली में रहते हैं। हमले के संबंध में आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। आजादपुर में कई जगह छापेमारी के बाद आरोपी हाथ आये।

सूद ने किया पहली स्टैंडअलोन बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

- एक लाख उपभोक्ताओं को लाभ

गर्मियों के मौसम में दिल्ली वालों को बिजली गुल की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए दिल्ली की निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस कई तैयारियां कर रही है। इसी के तहत कंपनी द्वारा बनाए गए देश के पहले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को दौरा किया। यह सिस्टम दक्षिणी दिल्ली के किलोकरी में लगाया गया है। बिजली कंपनी बीएसईएस के अनुसार अपने आप में देश के इस पहले सिस्टम से राजधानी के करीब 1 लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बताया कि ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने इस सिस्टम का अवलोकन किया और खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर कंपनी की इकाई बीआरपीएल के सीईओ अभिषेक रंजन, प्रोजेक्ट के सहयोगी-संगठनों इंडीग्रिड, ग्लोबल अलायंस फॉर पीपुल एंड प्लैनेट तथा एंपेयरआवर के अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे। करीब 20 मेगावॉट की क्षमता वाला यह बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम दक्षिण दिल्ली में बीआरपीएल के 33/11 केवी किलोकरी सब-स्टेशन में स्थापित किया जा रहा है। जल्द ही, दक्षिण एशिया के इस सबसे बड़े युटिलिटी-स्केल बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम को औपचारिक रूप से लॉन्च कर दिया जाएगा। जिसके बाद व्यावसायिक रूप से मान्य देश के इस पहले स्टैंड-एलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बताया कि इस बैटरी सिस्टम में यह क्षमता होगी कि यह करीब 1 लाख उपभोक्ताओं को रोजाना चार घंटे तक अपने दम पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकता है। इससे जहां एक ओर, उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर ग्रिड की मजबूती व स्थिरता बढेगी, गर्मियों में पीक पावर डिमांड को पूरा करने में मदद मिलेगी, बिजली नेटवर्क पर ओवरलोडिंग कम होगी और बिजली खरीद की लागत में भी कुछ कमी आने की गुंजाइश बनेगी। इसके अलावा, हरित ऊर्जा की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम होगा। इस स्टोरेज सिस्टम में मौजूद लिक्विड कूल्ड कंटेनर्स ऑफ पीक आवर्स में ग्रिड की बिजली से चार्ज होंगे और पीक आवर्स के दौरान ये कंटेनर्स उस बिजली को वापस ग्रिड में भेजेंगे। फिर, ग्रिड उस बिजली को उपभोक्ताओं को सप्लाई करेगा।

बिजली की मांग पहुंची 5400 मेगावाट के पार

सूरज के बढ़ते तेवरों का असर बिजली की खपत पर भी देखने को मिला है। जिसके चलते बुधवार को दिल्ली में अधिकतम बिजली की खपत का आंकड़ा बढ़कर 5400 मेगावाट के पार पहुंच गया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब अधिकतम बिजली की खपत का आंकड़ा बढ़कर 5436 मेगावाट पहुंच गया। जबकि मंगलवार को यह मांग 5157 मेगावाट दर्ज हुई थी। वहीं न्यूनतम मांग का ग्राफ 3595 मेगावाट रही जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा 3516 मेगावाट था।

भाजपा के आदेश पर ही निगमायुक्त ने लगाए यूजर चार्जेज : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

भाजपा के आदेश पर ही दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ने दिल्लीवालों पर यूजर चार्जेज लगाए हैं और अब भाजपा वाले विरोध करने का दिखावा कर रहे हैं। दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने नेता सदन मुकेश गोयल और आम आदमी पार्टी के निगम पार्षदों के साथ निगम आयुक्त कार्यालय में हल्ला बोल प्रदर्शन के दौरान भाजपा पर यह आरोप लगाए। महापौर महेश कुमार ने कहा कि 12 हजार कच्चे कर्मियों को पक्का करने और हाउस टैक्स में रियायत देने को लेकर निगम में पास प्रस्ताव अभी तक अमल में नहीं लाया गया है। हम इसे लागू कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसी को लेकर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से मिलने उनके कार्यालय आए थे। महापौर ने कहा कि निगम आयुक्त ने बिना महापौर की जानकारी में लाए और बिना सदन में प्रस्ताव पास कराए ही दिल्ली के लोगों के उपर यूजर चार्जेज लगा दिया है। आम आदमी पार्टी यूजर चार्जेज का विरोध करती है और इसे तत्काल खत्म करने की मांग करती है।

महापौर महेश कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। भाजपा ने ही यूजर चार्जेज को लागू करवाया और अब वही विरोध करने का दिखावा कर रही है। दिल्ली की जनता सब जानती है कि उनके उपर यूजर चार्जेज भाजपा द्वारा लगाए गए हैं। भाजपा के आदेश पर ही निगम आयुक्त ने यूजर चार्जेज लगाए हैं ताकि आम आदमी पार्टी पर इसका आरोप मढ़ा जा सके और जनता के बीच में ख्याति न बढ़े।

आप पार्षदों ने निगमायुक्त कार्यालय में किया प्रदर्शन

आप सरकार अधिकारियों के साथ मिलकर लगा रही है यूजर चार्ज : राजा इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार पिछले दरवाजे से अधिकारियों के साथ मिलकर यूजर चार्ज लगा रही है और महापौर महेश कुमार पत्रबाजी और विरोध प्रदर्शन करके नौटंकी कर रहे हैं। निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने उप-नेता विपक्ष जय भगवान यादव के नेतृत्व में भाजपा के वरिष्ठ पार्षदों के साथ महापौर कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान आप सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि महापौर में जरा सी भी नैतिकता बची है तो तुरंत इस्तीफा दे दें। क्योंकि जनता पर बोझ डालने वाली आप-दा सरकार को अब सहन नहीं किया जा सकता है। उप-नेता विपक्ष जय भगवान यादव ने कहा कि आप सरकार ने दिल्ली का बेड़ा गर्क कर दिया।

आम आदमी पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया

नेता विपक्ष सहित भाजपा नेताओं, पार्षदों ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा के पार्षद महापौर कार्यालय के बाहर एकजुट हुए और महापौर एवं आम आदमी पार्टी हाय-हाय के नारे लगाए। इस दौरान भाजपा पार्षदों ने आम आदमी पार्टी को जनता विरोधी दल बताया। नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में ही यूजर चार्ज लगे और यहां आप नेता यूजर चार्ज के मामले में घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि इनकी कथनी और करनी अलग-अलग है।

निःसंतान महिला ने सफदरजंग अस्पताल से नवजात बच्ची चुराई

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

सफदरजंग अस्पताल से एक दिन की नवजात बच्ची को चुराने का मामला सामने आने के कुछ ही घंटों बाद पुलिस ने आरोपी 27 वर्षीय पूजा नाम की महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि महिला की शादी को सात साल हो गये थे और अभी तक निःसंतान है।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार घटना 15 अप्रैल को तब सामने आई जब एक दिन पहले जन्मी नवजात बच्ची दोपहर तीन बजकर 17 मिनट पर वार्ड से लापता हो गई थी। पुलिस ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया और आरोपी की पहचान कर उसे ढूंढ निकाला। नवजात बच्ची को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। आरोपी पूजा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को सात साल हो चुके हैं, लेकिन वह गर्भवती नहीं हो पा रही थी। वह अपने पति को भी धोखे में रख रही थी। उसने पति को बोला था कि वह गर्भवती है। इसके बाद 14 अप्रैल को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती होने का नाटक किया। अगले दिन उसने बच्ची का अपहरण कर लिया और उसे अपना बताते हुए घर ले आई। पुलिस के अनुसार, चाणक्यपुरी के यशवंत प्लेस निवासी बच्ची के पिता की शिकायत के बाद सफदरजंग एन्क्लेव थाने की पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) सीमा पत्नीः** सुरेंदर सिंह **(2) जसविंदर सिंह उर्फ गोलू उर्फ बादल (3) आकाश पुत्रः** सुरेंदर सिंह, **(4) ज्योति पुत्रीः** सुरेंदर सिंह, **पताः** बी–426, अगर नगर, प्रेम नगर, किरारी सुलेमान नगर दिल्ली, ने **FIR No. 465/2019, U/s 498A/406/34 IPC थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सीमा (2) जसविंदर सिंह उर्फ गोलू उर्फ बादल (3) आकाश (4) ज्योति** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सीमा (2) जसविंदर सिंह उर्फ गोलू उर्फ बादल (3) आकाश (4) ज्योति** फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 465/2019, U/s 498A/406/34 IPC थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) सीमा (2) जसविंदर सिंह उर्फ गोलू उर्फ बादल (3) आकाश (4) ज्योति,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
जेएमएफसी – 1, कमरा नं. 106
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4797/OD/2025
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राजेंद्र कुमार,** पुत्र भगवान दास, निवासी- मकान नंबर 457, तृतीय तल, जनता फ्लैट्स, नंद नगरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 826/2018 धारा 279/337 भा.द.स थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 826/2018 धारा 279/337 भा.द.स थाना नन्द नगरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.06.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/4695/NE/2025

केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी कर रही सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र के सहारे झूठे मुकद्दमे : यादव

कांग्रेसियों ने किया ईडी के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के खिलाफ बुधवार को प्रदेश कांग्रेस ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ईडी मुख्यालय पर पहुंचना चाहते थे, लेकिन भारी पुलिस बल ने पहले ही नेताओं को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर बैर पकड़े हुए थे जिन पर सोनिया व राहुल गांधी के समर्थन में और मोदी, ईडी के खिलाफ स्लोगन लिखे थे। इन तख्तियां पर लिखा था, विपक्ष पर ईडी का वार, मोदी-शाह का राजनीतिक हथियार, मोदी-शाह का राजनीतिक बदला, विपक्ष पर ईडी का हमला', नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की कारवाई, विपक्ष के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई आदि। आगे बढ़ते नेताओं व कार्यकर्ताओं को रोकने के चलते पुलिस व प्रदर्शकारियों में कई बार तीखी झडपें भी हुई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि ईडी के केसों में कन्वीक्शन रेट केवल 0.41 प्रतिशत है जो यह दर्शाता है कि ईडी विपक्ष के नेताओं को केवल बदनाम करने के लिए झूठ की बुनियाद पर केस तो बना देती है परंतु वे न्यायालयों में टिक नही पाते। उन्होंने आरोप लगाए कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र के सहारे झूठे मुकद्दमे कर रही है। जिसके विरोध में आज दिल्ली सहित देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को राहुल गांधी समझता है, जो हर वो चुनौती स्वीकार करने को तैयार है जिसके तहत अपने संविधान को मजबूत रख सके और उसकी रक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल करके न सिर्फ विपक्ष के नेताओं को डरा रही है बल्कि देश के संघीय ढ़ांचे पर भी कुठाराघात कर रही है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा की तानाशाही के खिलाफ चुप नही बैठेगा, सरकार बदले की भावना से सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग की कार्यवाही के खिलाफ हर कदम पर राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे और अपनी लड़ाई को जारी रखेंगे। यादव ने कहा कि भाजपा अगर यह सोचती है कि वे हमारे नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को डरा लेंगे तो उनकी भूल है। उन्होंने कहा कि आज देश के हालात ऐसे है जिसमें यदि कोई सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है तो तानाशाह भाजपा सरकार द्वारा उसे हर तरह से दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम न कभी किसी के दबाव में आए है और न दबाव में आऐंगे।

नेशनल हेराल्ड चार्जशीट पर कांग्रेस का प्रदर्शन चोर मचाये शोर जैसा : सचदेवा

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड चार्जशीट पर कांग्रेस का दिल्ली एवं अन्य शहरों में बुधवार को हुआ प्रदर्शन कुछ ऐसा है, मानो चोर मचाये शोर। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेताओं ने पहले चोरी की पर जब फंस गये तो बजाए कानूनी लड़ाई ईमानदारी से लड़ने के सम्बंधित मुकदमे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले की चार्जशीट एक व्यक्ति द्वारा कांग्रेस के ही सत्ता काल में दायर याचिका का पटाक्षेप है कोई प्रतिशोध की कार्रवाई नहीं है। यदि यह मामला कमजोर रहा होता, झूठा होता या प्रतिशोध की कार्यवाही होता तो 2012 में केस दायर होने से 2014 के मध्य तक देश में गांधी परिवार का राज था इन्होंने तब ही केस खत्म करवा लिया होता।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

139 आरोग्य मंदिरों की स्थापना के लिए शीघ्र जगह की पहचान की जाए : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आयुष्मान कार्ड वितरण में तेजी लाई जाए और दिल्ली में 1139 आरोग्य मंदिरों की स्थापना के लिए शीघ्र जगह की पहचान की जाए। यह निर्देश बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक में दिए। इस बैठक का उद्देश्य योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और प्रत्येक पात्र नागरिक को लाभ दिलाना रहा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि बैठक में योजना के विभिन्न पहलुओं जैसे आयुष्मान आरोग्य कार्ड का वितरण, लाभार्थियों की पहचान, जागरूकता अभियान, और सेवाओं के विकेन्द्रीकृत विस्तार पर चर्चा की गई। इस बैठक के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इन्द्रराज सिंह और डॉ.पंकज सिंह भी मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आरोग्य मंदिर सामान्य स्वास्थ्य परामर्श, जागरूकता, प्राथमिक उपचार और निवारक दवाएं जैसी सुविधाएं भी देंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि एक हफ्ते के भीतर सभी उपयुक्त स्थानों की पहचान कर, लिस्ट स्वास्थ्य विभागों को भेजने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दिल्ली में हर एक जिले में एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक भी बनेंगे।

एक लाख 69 हजार आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार, जल्द होगा वितरण

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य कार्ड जल्द से जल्द लोगों तक पहुंचाने के लिए बुधवार को कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। सीएम ने बताया कि 1 लाख 69 हजार कार्ड बन चुके है जिन्हें वितरित करना है। जनप्रतिनिधियों को आग्रह किया गया है कि वह इस वितरण में सहयोग प्रदान करे। यह वितरण जिलों के माध्यम से किया जाएगा। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि कोई भी पात्र नागरिक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को त्वरित लाभ दिलाने पर दिया जोर

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि बैठक में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को योजना से त्वरित लाभ दिलाने पर भी विशेष जोर दिया। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि को 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया है। क्योंकि ये वो लोग हैं जिन्हें स्वास्थ्य सुविधा की सबसे अधिक आवश्यकता है। सीएम ने बताया कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ कई बीमारियां भी इंसान को घेरने लगती हैं। ऐसे में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए सहूलियत की तरह होगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जल्द ही 'वय वंदना योजना' लागू की जाएगी, जिससे दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को लाभ मिलेगा।

पिछली सरकार ने योजना को लागू न करके किया समय बर्बाद, लेकिन अब नहीं होगी देरी

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने इस योजना को लागू न करके बहुत समय बर्बाद कर दिया है। लेकिन अब और देरी नहीं होगी। हम ठोस नीतियों और जमीनी क्रियान्वयन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। और साथ ही योजना के त्वरित क्रियान्वयन को लेकर सभी विभागों को निर्देश भी दे दिए गए है। दिल्ली सरकार 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए, आयुष्मान भारत योजना को जन-जन तक पहुँचाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता से आगे बढ़ रही है।

दिल्ली सरकार की व्यय एवं वित्त समिति ने 3400 करोड़ रुपए की तीन परियोजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली सरकार की व्यय एवं वित्त समिति की बैठक में 27 डी-सेंट्रलाइज्ड एसटीपी के निर्माण के लिए 3140 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी देने के साथ नरेला में 148.58 करोड़ रुपए की लागत से एक हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण और द्वारका के डीटीसी, आईएसबीटी और क्लस्टर बस डिपो में पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग हेतु पावर इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए 107.02 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी है। दिल्ली सचिवालय में सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित व्यय एवं वित्त समिति की पहली बैठक में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद , कपिल मिश्रा और डॉ पंकज सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि 3140 करोड़ की लागत वाली 27 डी-सेंट्रलाइज्ड एसटीपी परियोजना के अंतर्गत डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, टर्मिनल एसपीएस, दिल्ली गेट पर एक 10 एमजीडी एसटीपी का निर्माण और रखरखाव शामिल है। साथ ही इस परियोजना के अंतर्गत इन डी-एसटीपीएस के अधीन सीवर लाइन उपलब्ध कराना और बिछाना, घरों में सीवर कनेक्शन और उनसे जुड़े सभी तकनीकी कार्यों का भी समावेश है। यह योजना सीवर लाइन बिछाने से लेकर अंतिम हाउस कनेक्शन तक का पूर्ण समाधान प्रदान करेगी। यह एसटीपी टेंडर होने के बाद 18 महीनों के भीतर बना लिया जाएगा। इसमें वाजिदपुर ठकरान, मुंडका, नरेला , बवाना, औचंदी, ताजपुर खुर्द, कंझावला, मजरी, घेवड़ा गांव, जौनापुर, बिजवासन, सलाहपुर, पंजाब खोर, कुतुबगढ़ ,टिकरी कलां, मोहम्मदपुर मजरी, निजामपुर, जौंती , बवाना आदि 27 जगहों में एसटीपी प्लांट लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने भी बताया कि इसके साथ ही 148.58 करोड़ रुपए की लागत से नरेला में एक अत्याधुनिक हाई सिक्योरिटी वाली जेल का निर्माण किया जाएगा। इससे कुशल प्रबंधन के साथ ही दिल्ली की जेल प्रणाली को आधुनिक और सुरक्षित बनाया जा सकेगा। यह जेल लगभग 40 एकड़ में तैयार की जाएगी। इसमें लगभग 256 कैदी के रहने की व्यवस्था की जाएगी।

सभी नियोजकों को न्यूनतम मजदूरी देना अनिवार्य नहीं देने पर होगी सख्त कार्रवाई : मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी नियोजकों द्वारा अपने श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी देना अनिवार्य, इसका अनुपालन नहीं करने की स्थिति में सख्त कार्रवाई होगी। यह सख्त निर्देश दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दिए हैं। प्रैसवार्ता में श्रम मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राजधानी दिल्ली में कार्यरत सभी श्रेणियों के 40 लाख से अधिक श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई नई दरें 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकता रही है कि जो मेहनत करता है, उसे उसका पूरा मेहनताना मिले।

यूपीआई से दो हजार से अधिक के भुगतान पर जीएसटी लगाने का व्यापारियों ने किया कड़ा विरोध

नई दिल्ली। सरकार द्वारा यूपीआई द्वारा 2000 रूपए से अधिक के लेनदेन करने पर जीएसटी कर लगाने के प्रस्ताव का व्यापारियों ने कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों ने सरकार के इस कदम को भारत के तेजी से बनते डिजिटल इंडिया की राह में बड़ी रुकावट बताया है। इस मुद्दे पर दिल्ली व्यापार महासंघ जो राजधानी के हजारों व्यापारियों और छोटे व्यवसाय मालिकों का प्रतिनिधित्व करता है ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संघ के अध्यक्ष देवराज बावेजा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने संयुक्त रूप से बताया कि एक तरफ सरकार भारत को डिजिटल इंडिया बनाने के लिए तमाम कार्य कर रही है। वहीं दूसरी तरफ खुद सरकार ही 2000 रूपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 18 प्रतिशत लगाने पर विचार कर रही है।

मेट्रो एडवेंचर क्लब की दसवीं वर्षगांठ पर मंडी हाउस में नए कार्यालय व प्रतीक चिन्ह का हुआ उद्घाटन

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मेट्रो एडवेंचर क्लब (एमएसी) ने 16 अप्रैल 2025 को अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर एडवेंचर क्लब को मंडी हाउस क्षेत्र में उसका नया कार्यालय और नई पहचान यानी लोगो (प्रतीक चिन्ह) मिला। जानकारी अनुसार एडवेंचर क्लब की 10वीं वर्षगांठ पर डीएमआरसी के एमडी डॉ. विकास कुमार ने मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर एमएसी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया और साथ ही इसके नए लोगो का अनावरण भी किया। इस अवसर पर एमडी डॉ. विकास ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बेहतर भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर एमडी डॉ. विकास के अलावा डीएमआरसी के अन्य आला अधिकारी मौजूद थे। डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि यह उपलब्धि डीएमआरसी कर्मचारियों के बीच रोमांच और खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एमएसी की 2015 से अब तक की यात्रा को दर्शाती है। इस समारोह में एमएसी के काम से परे जुड़ाव को बढ़ावा देने वाले एक समावेशी मंच के रूप में विकास को रेखांकित किया गया। बता दें कि वर्ष 2015 में आज ही के दिन मेट्रो एडवेंचर क्लब की स्थापना की गई थी। तत्कालीन एमडी डॉ. मंगू सिंह के नेतृत्व में क्लब के तहत अप्रैल के महीने में ही पहली यात्रा विश्व विरासत दिवस के अवसर पर पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में विरासत वॉक के आयोजन के रूप में हुई थी। इस यात्रा का डॉ. मंगू सिंह ने हरी झंडी दिखाई थी करीब 50 अन्य अधिकारियों सहित खुद पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में स्थित ऐतिहासिक स्थलों का पैदल मार्च किया था। डीएमआरसी ने इस क्लब की शुरुआत भगमभाग व अधिकतम व्यस्तता से भरी जिंदगी के कारण तनाव को देखते हुए कर्मचारियों में खेल गतिविधियों आदि को बढ़ावा देने के लिए की थी। जिससे की कर्मचारी समय निकालकर विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले और खुद को फिट व खुश रख सके। अपने स्थापना के समय से गत दस वर्षों में क्लब ने कई आयाम प्राप्त किए है।

खबर संक्षेप

देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी

प्रदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया के अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने आरोपी प्रदीप निवासी निवासी गांव हरजनपुरा जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश हाल झुग्गी नीलम पुल के नीचे फरीदाबाद को रोज गार्डन पार्क सेक्टर-17 फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया है।

गांजा बेचने वाले दो आरोपियों को दबोचा

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों व नशा उपलब्ध

करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एवीटीएस व क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में अकरम व तमेश को गिरफ्तार किया है। 15 अप्रैल को क्राइम ब्रांच एटवीटीएस की टीम ने अकरम निवासी गांव मादलपुर धौज फरीदाबाद को 2.480 किलोग्राम गांजा सहित मादलपुर रोड करनेरा फरीदाबाद से काबू किया।

रिवॉल्वर से हत्या कर की आत्महत्या

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम क्षेत्रान्तर्गत राधा कुंजा कॉलोनी नंदग्राम में एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या

कर दी। उसके बाद उसने खुद भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मृतक कैंसर पीड़ित था। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि आत्महत्या करने वाले युवक का नाम कुलदीप त्यागी है, जबकि उसकी पत्नी का नाम अंशुल त्यागी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को कुलदीप त्यागी अपने घर पर था। पहले उसने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से अंशु त्यागी की गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

प्रदर्शनकारियों ने विधायक अदलक्खा को ज्ञापन सौंपा

सड़क बनाने की मांग को लेकर लोगों ने टूटी सड़क पर भरे पानी में खड़े होकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र की दो प्रमुख सड़कें गांधी कालोनी से एनएचचार व आदर्श कालोनी से मुल्ला होटल की ओर जाने वाली सड़क निर्माण कार्य की मांग को लेकर वार्ड नबंर-15 के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी परविन्दर राजपाल ने स्थानीय निवासियों के साथ गंदे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्होंने बुधवार को नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास, नगर निगम के एसई ओमबीर सिंह तथा विधायक धनेश अदलक्खा को ज्ञापन सौंपा।

आवागमन में होती है परेशानी

परविन्दर राजपाल ने बताया कि इन दोनों ही महत्वपूर्ण सड़कों से रोजाना हजारों लोग एनआईटी, एसजीएम नगर, केंद्रीय विद्यालय, सैक्टर-21 व अन्य स्थानों पर आवागमन करते है। राजपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढे मुक्त करने की बात कहीं थी। मगर यह दोनों ही सड़कें अधिकारियों को नजर नहीं आ रही है। रोजाना लोग इन सड़कों पर गिरकर चोटिल हो रहे है तथा वाहन भी क्षतिग्रस्त होते है।

यह लोग उपस्थित रहे

इस पर विधायक धनेश अदलक्खा व निगमायुक्त ने परविंदर राजपाल को आश्वासन दिया है कि वह जल्द से जल्द इस सड़कों का निर्माण के अलावा नालों का निर्माण भी करवाएगें ताकि लोगों को सुगम यातायात मिल सकें। ज्ञापन देने वालों में लोकेश कुमार ओझा, जमील अहमद, कुन्दनलाल, हीरालाल, हन्नी पाल सहित आदर्श कालोन व गांधी कालोनी वासी मौजूद रहे।

राहुल गांधी के खिलाफ मोदी की ईडी की चार्जशीट की कड़ी निंदा की

कांग्रेस ने किया मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ धरना, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला व महानगर कांग्रेस ने जिलाधिकारी कार्यालय पर मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। देशव्यापी आह्वान के तहत बुधवार को सुबह यहां कलेक्ट्रेट पर भारी तादाद में कांग्रेसजन एकत्रित हुए। मोदी सरकार और उनकी ईडीके खिलाफ कांग्रेसजन यहां से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। कांग्रेसी नारे लगा रहे थे- जब जब मोदी डरता है, ईडीको आगे करता है,

नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद मुर्दाबाद। नरेंद्र मोदी शर्म करो शर्म करो, शर्म नहीं तो डूब मरो आदि आदि। डीएम ऑफिस पोर्टिको पर पहुंचकर कांग्रेस के लोगों ने धरना दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा हम डरने वाले नहीं

यहां जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने मोदी सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वो चाहे जितने केस अपनी ईडी से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ लगवा दें, हमारे नेता डरने वाले नहीं। उनके लिए एक एक कार्यकर्ता जान की बाजी लगा देगा। मोदी किसी मुगालते में ना रहें। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के अखबार नेशनल हेराल्ड में ना कोई एक पैसे का लेनदेन हुआ फिट भी तानाशाही की पराकाष्ठा है कि मोदी ने अपनी ईडी को आगे करके सोनिया और राहुल के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट लगवा दी। पूर्व प्रदेश महासचिव बृजेंद्र यादव ने चेताया कि मोदी की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो जेलें भर देंगे लेकिन हमारे नेता ना डरेंगे और ना झुकेंगे। पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. संजीव शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ मोदी की ईडी की चार्जशीट की कड़ी निंदा की। कमलेश कुमारी एडवोकेट, प्रवक्ता अजय वर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र राठी, वीर सिंह चौधरी आदि ने भी मोदी सरकार और उनके ईडी कार्रवाई की कड़ी निंदा की और तानाशाही से बाज आने को चेताया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने मोदी सरकार और ईडी को अपनी हताशा में कांग्रेस से टकराव छोड़ने और अपनी करतूतों से बाज आने की चेतावनी दी। किसानों की वेब सिटी की समस्याओं में उनके साथ खड़े रहने का आश्वाशन दिया।

यह लोग उपस्थित रहे

धरना प्रदर्शन में मेजर बाबू साहेब, हरिओम गुप्ता, सविता गौतम, अजय कुमार, पंकज तेजनिया, जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ सैफी, अकबर चौधरी, युनुस, रविशंकर सूर्य, आशुतोष गुप्ता, निजामुद्दीन अल्वी, अन्यत कुमार, सलीम, सदमान, देवेंद्र शर्मा, जगदीश सैनी, सूर्य कांत, चंद्रपाल एडवोकेट, इरफान नेता, बबलू भारती, सुरेंद्र शर्मा, बबलू शर्मा, ब्रह्मदत्त दुबे, नानक चंद्र, ओमदत्त गुप्ता, महेंद्र गौतम, राजीव गुप्ता, अनुज चौधरी, प्रेम प्रकाश चीनी, किशन पाल सिंह, इस्लाम, शाहरुख, अहसान मेवाती, सतीश शर्मा, राजीव शर्मा, उमेश त्यागी, अशोक कुमार, उदय पाल, अश्विनी त्यागी आदि मौजूद रहे।

ननि आयुक्त श्रीनिवास ने की समीक्षा बैठक

बारिश से पहले सभी नालों की सफाई और सड़क दुरस्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद नगर निगम कमिशनर ए मोना श्रीनिवास ने बुधवार को निगम के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार के आगामी 15 जून तक सभी नालों की सफाई और सड़क की मरम्मत के भी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के समय से पहले ही आगामी 15 जून तक सभी ड्रेनेज की सफाई करना सुनिश्चित किया जाए। ताकि बरसात के दिनों में शहरवासियों को कोई परेशानी झेलनी ना पड़े। बैठक में एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रवीन्द्र पाटिल, ओल्ड नगर निगम जोन से जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, एनआईटी जोन के जॉइंट कमिश्नर हितेंद्र कुमार, जॉइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण भदौरिया के अलावा इंजीनियरिंग ब्रांच से अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लाल डोरा सर्टिफिकेट के कार्य को तेज गति से पूरा करना, प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी और नगर निगम द्वारा किए जाने वाले डेवलपमेंट के कार्यों को लेकर भी बैठक में विस्तार से चर्चा कर सभी कार्य को सुचारु रूप से शुरू कराने की बाबत दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में कहा गया ही है कि चले हुए किसी भी कार्य में लापरवाही न बरतें और शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इसके अलावा सड़कों पर दिखाई देने वाले गड्ढों की मरम्मत कर सही कराने के निर्देश दिए हैं।

सामाजिक समरसता को बिगाड़ रही है भाजपा सरकार: पूर्व मंत्री सिंह

पूर्व मंत्री जमाई कालोनी में उजड़े हुए लोगों से मिलने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बुधवार को लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह बड़खल विधानसभा क्षेत्र की जमाई में हुई तोड़फोड़ के बाद बेघर हुए लोगों से मिलने पहुंचे। उजड़े हुए लोगों ने उन्हें बताया कि करीब 40-40 सालों से जमाई कालोनी में रहते आए और मंगलवार को अचानक उनके आशियानों को भारी पुलिस बल के साए में तहस नहस कर दिया गया जबकि जमाई कालोनी का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है, क्योंकि यह जमीन बड़खल गांव की है और यहां के बाशिंदे सालों से यहां रह रहे हैं। लोगों का कहना था कि तोड़फोड़ के दौरान उनका घर का सामान तक नहीं निकालने दिया गया। अब भीषण गर्मी में बेघर हुए लोग खुले में पड़े हैं।

पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों के दुखड़े सुनते हुए कहा कि मामला जब कोर्ट में विचाराधीन था तो ऐसी कौन सी जल्दबाजी थी कि प्रशासन को लोगों को उजाड़ने की। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं की हत्या हो रही है। भाजपा सरकार सामाजिक समरसता को बिगाड़ रही है, लोगों के साथ सरासर अन्याय हो रहा है। इस मामले में तो सरकार सुप्रीम कोर्ट में गई हुई है। फिर भी लोगों के अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भेदभाव की नीति से काम कर रही है। इनका मकसद केवल आपसी भाईचारा खराब करना एवं सांप्रदायिक भावना फैलाना है। यहीं कारण है कि बीजेपी सरकार और जिला प्रशासन भेदभाव की नीति से कम कर रही है। जानबूझकर बार-बार गांव बड़खल को निशाना बनाया जाता है, जबकि विकास के नाम पर एक ईंट गांव बड़खल में नहीं लगाई गई। भेदभाव की नीति से कार्यवाही कर भाजपा सरकार प्रदेश में सांप्रदायिक अस्थिरता पैदा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध करना चाहिए। कोर्ट में जितना भी पैसा लगेगा वह लगाएगे।

चोरी के एल्युमिनियम स्क्रैप को खरीदने वाला कबाड़ी दबोचा, चार लाख बरामद

फरीदाबाद। चोरी के एल्युमीनियम स्कैप को खरीदने वाले आरोपी को क्राईम ब्रांच ने काबू कर उसके कब्जे से चार लाख रुपए बरामद किए है। विष्णु निवासी सेक्टर-9 फरीदाबाद ने पुलिस चौकी संजय कॉलोनी सेक्टर-23 में दी अपनी शिकायत में बतलाया कि उसका सरुरपुर फ्रैंडस कम्पलेक्स में एल्युमिनियम स्क्रैप का गोदाम है। 16 दिसंबर को गोदाम में करीब 42 टन स्क्रैप खाली हुआ था।

आरोपियों को पूछताछ के लिए 4 दिन की रिमांड पर लिया

शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर ठगी करने के मामले में 3 आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर ठागों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शेयर मार्केट में निवेश करा मुनाफा कमाने के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना एनआईटी में साऊथ एंड अपार्टमेंट चार्मवुड विलेज सुरजकुंड रोड फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसको एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया, जहां इंवेस्टमेंट की टिप्स दी जाती थी। शिकायतकर्ता ने भी इंवेस्टमेंट करने को कहा। इसके बाद उसने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 6,16,001 रुपए ठगों के खाता में भेजे। जिस निवेश के बदले में शिकायतकर्ता को पैसा वापिस नहीं दिया गया।

एक आरोपी के खाते में 2 लाख रुपए आए

जिसकी शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी सुरेश निवासी गांव नायन, जयपुर विजय परसोया गांव लिसाडिया, सीकर हाल ग्रीन पार्क कालोनी, जयपुर व विजय शान्तव निवासी जमुनापुरी कॉलोनी जयपुर राजस्थान को जयपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुरेश खाताधारक है और इसने अपना खाता विजय शान्तव को दिया था और विजय शान्तव को आगे खाता विजय परसोया को दिया था। जिसने खाता आगे ठगों को दे दिया था। आरोपी सुरेश के खाता में मामले से जुड़े 2 लाख रुपए आए थे। आरोपियों को पूछताछ के लिए 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

फरीदाबाद त्रिवार्षिक चुनाव में उदयवीर सिंह गिल बने प्रधान

फरीदाबाद। हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन का जिला फरीदाबाद त्रिवार्षिक कार्यकारिणी चुनाव सर्वसम्मति से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ में संपन्न हुआ। प्रधान पद पर लगातार तीसरी बार मुख्याध्यापक उदयवीर सिंह गिल, उपप्रधान जयपाल सिंह डीपीई, महासचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष इंदु वधवा को चुना गया। मंच संचालन देवेन्द्र कुमार ने किया। प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में रविदत जोशी, भगवान सिंह सौरोत व नवल किशोर बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान उदयवीर सिंह गिल ने हरियाणा सरकार से मांग की शीघ्र अति शीघ्र हाई स्कूल हैडमास्टर के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरा जाए। मौलिक मुख्याध्यापक को द्वितीय श्रेणी का दर्जा दिया जाए। फरीदाबाद मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एसओ के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। टीजीटी से पीजीटी के पद पर पदोन्नति की जाए।

यह लोग उपस्थित रहे: इस अवसर पर योगेश मित्तल, समर देसवाल, मेहरचंद तेवतिया, प्रमोद कुमार राजकुमार, जसवीर अधाना, पवन कुमार, गोविन्द सिंह, संजय कुमार, अनिता कालरा, सुमन चौहान, चित्रा शर्मा, सीमा, अंजू आदी अध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सहायक ने फोन पर अतिशीघ्र मीटिंग देने का आश्वासन दिया

बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के प्रधान ने मीटिंग के लिए मुख्य अभियंता को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के प्रधान देवी दयाल दिसोदिया ने एक पत्र मुख्य अभियंता पानीपत थर्मल पावर स्टेशन पानीपत को भेजकर एसोसिएशन व थर्मल प्रशासन के मध्य मीटिंग निर्धारित करने की मांग की है, ताकि हरियाणा बिजली उत्पादन निगम के पेंशनर्स, फैमिली पेंशनर्स व उनके आश्रितों के सामने आ रही कठिनाइयों का हल टेबल टॉक के माध्यम से निकाला जा सके। इस पत्र के एजेंडा प्वाइंट्स में हरियाणा सरकार की पेंशन नियमावली 2016 के अनुसार हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड, निगम के सभी सेवानिवृत पेंशनर्स व हर महीने रिटायर हो रहे कर्मचारियों को पति-

पत्नी व उनके आश्रितों सहित जॉइंट फोटो के साथ पेंशन पेमेंट ऑर्डर बुक जारी करवाने, चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक 01 जनवरी 1986 को या उसके बाद एक और दो वर्ष का ट्रैनिंग पीरियड सफलतापूर्वक पूरा कर पद पर नियमित होने वाले सभी श्रेणी के फिक्स्ड पे ओर अन्य पे होल्डर्स एम्पलाईज को पद के रेगुलर पे स्केल का लाभ 01 जनवरी 1986 से काल्पनिक आधार पर व 29 जनवरी 1990 से वेतनमान का लाभ वास्तविक आधार पर दिलवाने, लिमिटेड कैशलेश मेडिकल फैसिलिटी व सभी बीमारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा को प्रभावी ढंग से लागू करवाने, ईलाज के बाद चिकित्सा प्रतिपूर्ति खर्च का भुगतान व ईलाज के लिए अग्रिम राशि लेने को आसान करवाने, सन 2013 की स्पेशल लीव पेटिशन नंबर 11040 मे सुप्रीम कोर्ट के आदेश दिनांक 2 अगस्त 2013 के निर्णयानुसार पद पर नियमित होने तक के ट्रैनिंग पीरियड को एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन स्कीम के तहत पहली, दूसरी एसीपी स्केल के लिए गणना मान्य करवाने अर्थात पहली, दूसरी एसीपी स्केल के लिए ट्रैनिंग पिरियड को 10-20 साल की रेगुलर सेटिस्फेक्टरी सेवा में जुड़वाने, 30 जून को रिटायर होने वाले सभी पेंशनर्स को 1 जुलाई को मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिलवाने सहित अन्य पॉइंट शामिल किए गए हैं।

शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 58.56 लाख की ठगी करने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 58.56 लाख की ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-16 के रहने वाले व्यक्ति ने दी अपने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का कॉल आया और बताया कि उनकी कम्पनी शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करवाती है और अच्छे मुनाफे का लालच दिया। जिसके बाद उससे पास ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप का लिंक भेज उसको ग्रुप ज्वॉइन करवाया। जिस ग्रुप पर उसकी ठगों से बात होने लगी और ठगों द्वारा उसे एक एप डाउनलोड करके इंवेस्टमेट करने के लिए कहा गया। बाद एप के माध्यम से शिकायतकर्ता से विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिये कुल 58,56,000 रुपए खाता में डलवाए। जब शिकायतकर्ता ने पैसे निकालने के लिए ठगों को बोला तो उनके द्वारा 31 लाख रुपए टैक्स के रूप में जमा करवाने की बात कही।

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ/एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/समर्क विवरण/ई-मेल
1	यूएचबीवीएन	TENDERNOTICE NO : 69/CCR/2024-25	सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 22.04.2025 खुलना : 23.04.2025 अप. 1.00 बजे तक।	https\etenders.hry.nic.in	9991480086
2	यूएचबीवीएन	NIT-01/2025-2026	तिथि 21.04.2025 तक बढ़ाई गई, एक्सईएन (ओपी) डिवीजन, यूएचबीवीएन मुल्लाना हेतु उपयोग किए जाने	www.uhbvn.org.in	9813242279

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33922/I/88/7 दि. 16.04.25

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किंग्सले चिनाकेनवा** पुत्र **मडुका** निवासी **कृष्णा पार्क, तिलक नगर, पश्चिम दिल्ली** ने case **FIR No. 864/2021 U/s 14 F. Act, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **किंग्सले चिनाकेनवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **किंग्सले चिनाकेनवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 864/2021 U/s 14 F. Act, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किंग्सले चिनाकेनवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीज़ा बिश्नोई
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
कमरा नं. 289
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4736/WD/2025(Court Matter)

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन
हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी
पी. 16, सेक्टर–14, पंचकूला

हरियाणा राज्य के गुरुकुलों व संस्कृत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए–

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए हरियाणा प्रदेश में अवस्थित सभी संस्कृत गुरुकुलों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं के छात्र/छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इसमें केवल वे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिनका प्राप्तांक गत परीक्षा में कम से कम 60% हो। आवेदन पत्र संस्था के प्राचार्य के माध्यम से ही भेजा हुआ स्वीकृत होगा।

नोट– आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की फोटो कॉपी लगाएं–

1. दोनों सेमेस्टर के अंक पत्र (प्राचार्य द्वारा सत्यापित)
2. आधार कार्ड (यदि हरियाणा से बाहर अन्य किसी राज्य के हों)
3. परिवार पहचान–पत्र
4. बैंक पासबुक (Updated) खाता नं. व बैंक का आई.एफ.एस.सी. नं. स्पष्ट हो।

उपर्युक्त में से एक भी दस्तावेज न होने पर आवेदन निरस्त किया जाएगा। उपरिलिखित आवेदन–पत्र कार्यालय में 31 मई, 2025 तक भेजे जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दूरभाष : 0172–2570979
ईमेलः hariprabhaskt@gmail.com
वेबसाइट : haryanaakademi.ac.in

हस्ता/– कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला
हस्ता/– निदेशक संस्कृत प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला

संवाद–1216/11/7/2026/33901/सी/88/7 दि. 16.04.25

खबर संक्षेप

आग लगने से चार बच्चों की जिंदा जलकर मौत

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर जिले में भीषण अग्निकांड में चार बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने

वालों में तीन लड़की और एक लड़का शमिल है। मृतकों में अंशिका कुमारी पांच वर्ष पिता छोटू पासवान, ब्यूटी कुमारी आठ वर्ष, सृष्टि कुमारी छह वर्ष और विपुल कुमार 10 वर्ष पिता राजन पसान शामिल हैं। 3 बच्चे एक ही परिवार के हैं। सकरा प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुरमणि गांव की बताई गई है।

कांस्टेबल भर्ती में 18 अप्रैल को आवेदन की अंतिम तिथि

पटना। केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती, बिहार जल्द ही बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025 के लिए

आवेदन प्रक्रिया को बंद करने जा रहा है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे तुरंत आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। इस भर्ती अभियान के तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से शुरू हुई थी और 18 अप्रैल 2025 को समाप्त हो रही है।

पार्टी कार्यालय पहुंचे सीएम सोरेन, होगा बदलाव

रांची। झारखंड की सतारूढ़ दल झामुमो में बड़ा सांगठनिक बदलाव देखने को मिला है। झामुमो के द्वारा

आयोजित की गई दो दिवसीय महाधिवेशन में सर्वसम्मति से सीएम हेमंत सोरेन को पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। झामुमो राज्य की प्रमुख पार्टी है। ऐसे में हेमंत सोरेन को दी गई। जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन पहली बार रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे।

तीन दिन होगा भव्य आयोजन

अयोध्या में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयारियां शुरू

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद, जून में एक और भव्य आयोजन की तैयारी है। राम जन्मभूमि पर राम दरबार समेत 18 मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। रेलवे और रोडवेज विभाग तैयारियों में जुटे हैं, रेलवे स्टेशन को सजाया जा रहा है, सुरक्षा भी बढ़ाई गई है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार समेत परिसर में 18 मंदिरों के मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठित जून माह में प्रस्तावित है। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद द्वितीय आयोजन में भी रामभक्तों की अधिक संख्या होने का अनुमान है। एक सप्ताह के भीतर निर्माण कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित रेलवे के कई अधिकारियों का दौरा अयोध्या धाम जंक्शन परिसर में हो चुका है। इसके बाद ही मंदिर की तरह बने स्टेशन भवन परिसर में अब भगवान राम और हनुमान सहित शुभ चिंह लगाए जा रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी 2024 को किया गया था। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे थे। एक वर्ष बाद एक बार फिर श्री राम जन्मभूमि परिसर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होना है। तीन दिवसीय अनुष्ठान में तीर्थ क्षेत्र के सभी ट्रस्टीज सहित देश के प्रमुख संतों महंतों के साथ प्रमुख लोगों की मौजूदगी होने की सूचना है। इस दैरान रामभक्तों की अधिक संख्या के भी पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों द्वारा एक सप्ताह में किये गए निरीक्षण इस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं। बीते गुरुवार को निर्माण कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राहुल मिथल और रेलवे के कई अन्य अधिकारियों ने पूरे स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया।

खास बातें

- प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 22 जनवरी को होगा
- राम भक्तों के अधिक संख्या में पहुंचने का अनुमान
- अध्यक्ष एवं रेलवे अधिकारियों ने पूरे स्टेशन का निरीक्षण किया

जंक्शन के भवन में प्रभु राम व हनुमान की आकृति लगी

एक तरफ रामजन्मभूमि परिसर में राम दरबार सहित अन्य मंदिरों में मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ मंदिर की तरह बने अयोध्या धाम जंक्शन के भवन में स्थाई रूप से भगवान राम, हनुमान जी और अन्यके शुभचिन्ह लगाए जा रहे हैं। यह सभी फाइबर ग्लास कंपोजिट मार्बल से बने हुए हैं। दूर से देखने पर पीतल के ऊपर उकेरी गई आकृति लगती है।
ट्रेन से उतरने के बाद बड़े हॉल में प्रवेश करते ही यात्रियों को आदम कद की दो आकृति भगवान राम और हनुमान की दिखाई देगी। इस भवन से बाहर निकलते ही हिंदू धर्म के चिन्ह मोर, स्वास्तिक, सूर्य, ओम और मछली की आकृति दिखेगी जो यात्रियों की धार्मिक यात्रा को और मजबूती देने वाली साबित होगी। पहली प्रतिष्ठा समारोह में धाम को सुंदर बनाया गया।

92 करोड़ रुपए से अधिक होंगे खर्च

पर्यटन विकास के लिए योगी सरकार ने 16 नई परियोजनाओं को दी मंजूरी

रामनगरी अयोध्या के विकास को ध्यान में रखते हुए सीएम योगी सरकार ने अयोध्या में पर्यटन विकास से जुड़ी 16 नई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में कुल 92.46 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या के विकास को लेकर योगी सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अयोध्या में पर्यटन विकास से जुड़ी 16 नई परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 92.46 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका प्रस्ताव तीर्थ विकास परिषद योजना के तहत भेजा गया था, जिसे सरकार ने हरी झंडी दे दी है।

सरकार का उद्देश्य है कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इन 16 परियोजनाओं के तहत शहर में अवस्थापना सुविधाएं यानी सड़क, शौचालय, पार्किंग, साइनबोर्ड, रेन शेल्टर और पीने के पानी जैसी जरूरी सुविधाएं बेहतर की जाएंगी। इसके साथ ही प्रमुख तीर्थ स्थलों पर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर भी खास ध्यान दिया जाएगा।

खास बातें

- साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान
- देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को काई असुविधा न हो

श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिलेगीं बेहतर सुविधाएं

इन परियोजनाओं के माध्यम से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनका अनुभव यादगार बनेगा। सरकार की कोशिश है कि राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। गौरतलब है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है और इसका पहला चरण जनवरी 2024 में जनता के दर्शन के लिए खोल दिया गया था। तब से लेकर अब तक करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं और यहां की पर्यटन व्यवस्था में सुधार की जरूरत महसूस की जा रही थी।

अयोध्या आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी

सरकार पहले ही अयोध्या में रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, सड़कों, घाटों और एयरपोर्ट के विकास पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। अब इन 16 नई परियोजनाओं से अयोध्या का धार्मिक और पर्यटन स्वरूप और भी निखरेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि अयोध्या सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान भी है। इसी सोच के साथ सरकार यहां तीर्थ और पर्यटन विकास को प्राथमिकता दे रही है। अधकारियों के मुताबिक, इन परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा और तय समय में इन्हें पूरा करने की कोशिश की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो।

नेशनल हेराल्ड केसः सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

ईडी ऑफिस का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने से कांग्रेसी सड़कों पर उतर आए हैं। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी ऑफिस का घेराव करने निकले तो उन्हें पार्टी कार्यालय पर ही रोकने का प्रयास किया गया।

इस दौरान कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। कांग्रेसियों ने मांग की है कि ईडी अपने आरोप वापस ले। केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं का दमन कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। लखनऊ में कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प हुई।

कांग्रेसियों ने मांग की है कि ईडी अपने आरोप वापस ले। केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही कर रही है और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं का दमन कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। लखनऊ में कई जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प हुई।

अयोध्या में भी सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा जब तक चार्जशीट वापस नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने को लेकर अयोध्या में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन से निकलकर कचहरी की तरफ बढ़ रहे कांग्रेसियों को कोतवाली नगर पुलिस ने रिकाबगंज चौराहे पर ही रोक दिया। रिकाबगंज चौराहे पर पहुंचकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह व महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि ईडी की इस कार्य की कांग्रेस निंदा करती है। राहुल सोनिया गांधी दोनों निर्दोष हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

पेज एक का शेष

सोने ने लगाई तूफानी...

एक किलो चांदी की कीमत 373 बढ़कर 96,575 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,030 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 और 11 अप्रैल को सोने ने 93,353 का हाई बनाया था। भोपाल में सोना 97 हजार 100 रुपए प्रति 10 ग्राम है। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। ग्लोबल मंदी की आशंका को देखते हुए लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है।

केंद्र से पूछा क्या...

तय किया। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने यह भी कहा कि एक बात बहुत परेशान करने वाली है, वह है- हिंसा। यह मुद्दा न्यायालय के समक्ष है और हम इस पर निर्णय लेंगे। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। केंद्र से पूछा और कहा कि कोई उदाहरण बताएं? क्या तिरुमाला तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर-हिंदू हैं? एसजी तुषार मेहता ने कहा कि वह कोई उदाहरण नहीं देना चाहते हैं, लेकिन मंदिर का वैधानिक पर्यवेक्षण एक कमेटी करती है, जिसमें मुस्लिम हो भी सकते हैं और नहीं भी। उनके जवाब पर जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि निकटम उदाहरण तो हिंदू धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम है और हिंदू समुदाय ही इसका संचालन कर रहा है। सीजेआई ने वक्फ बोर्ड के सदस्यों को लेकर किए गए बदलावों पर सवाल किया और कहा कि 8 मुस्लिम हैं और 2 मुस्लिम नहीं हो सकते यानी वो गैर-मुस्लिम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बाय यूजर के प्रावधान पर भी सवाल उठाए। सीजेआई खन्ना ने कहा कि 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं। उनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी। ऐसी संपत्तियों को कैसे पंजीकृत करेंगे। उनके पास क्या दस्तावेज होंगे? ऐसे वक्फ को खारिज कर देने पर विवाद ज्यादा लंबा चलेगा। हम यह जानते हैं कि पुराने कानून का कुछ गलत इस्तेमाल हुआ, लेकिन कुछ वक्फ ऐसे भी हैं, जिनकी वक्फ संपत्ति के तौर पर पहचान हुई। वक्फ बाय यूजर मान्य किया गया। अगर आप इसे रद्द कर देंगे तो समस्या होगी। सीजेआई ने कहा कि सभी पुराने स्मारक, जामा मस्जिद भी संरक्षित ही रहेंगे।

संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनायाः सिब्बलः धारा 3(सी) के तहत वक्फ के रूप में पहचानी गई या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को अधिनियम के लागू होने के बाद वक्फ नहीं माना जाएगा।

धारा 3(ए)(2)- वक्फ-अल-औलाद के गठन से महिलाओं को विरासत से वंचित नहीं किया जा सकता। धारा 9 पर नजर डालिए। इसमें कुल 22 सदस्य है जिसमें 10 मुसलमान होंगे।

सीजेआई : अनुच्छेद 26 जो कि धर्मनिरपेक्ष का हवाला देता है जो सभी समुदायों पर लागू होता है। संसद ने मुसलमानों के लिए भी कानून बनाया है। दूसरे प्रावधान को देखिए। क्या इसका मतलब यह है कि पूर्व अधिकारी को छोड़कर केवल दो सदस्य ही मुस्लिम होंगे।

कितनी याचिकाएं?: गौरतलब है कि एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, आप नेता अमानतुल्ला खान, धर्म गुरु मौलाना अरशद मदनी, राजद नेता मनोज झा एवं ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड व जमीयत-ए-उलमा-ए-हिंद समेत कई मुस्लिम संगठनों ने शीर्ष कोर्ट में दो दर्जन याचिकाएं दायर की हैं। कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाओं के जरिए वक्फ संशोधन कानून को चुनौती दी गई है।

भाजपा शासित राज्य भी कोर्ट पहुंचेः केंद्र और भाजपा शासित राज्य-राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व असम सरकारों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं। केंद्र ने शीर्ष अदालत से कोई भी फैसला सुनाने से पहले उनके पक्ष को सुनने का आग्रह किया गया है।

कोर्ट रुम में क्या...

दिल्ली उच्च न्यायालय में थे, तो हमें बताया गया कि यह भूमि वक्फ भूमि है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता : एक संयुक्त संसदीय समिति थी, जिसने 38 बैठकें कीं। इसने कई क्षेत्रों और शहरों का दौरा किया, परामर्श किया और लाखों सुझावों की जांच की। फिर यह दोनों सदनों में गया और फिर कानून पारित किया गया।

नोटबंदी, बुलडोजर एक्शन...

दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।

9 अप्रैल से 8 मई ...

500 अस्थाई अस्पताल 50 हजार बायो टॉयलेटः कुंभ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में प्रतिदिन 16 हजार से ज्यादा सफाईकर्मी स्वच्छता की व्यवस्था संभालेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 50 हजार बायो टॉयलेट का निर्माण भी किया जाएगा। आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 500 अस्थाई अस्पताल और कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया है। उज्जैन में सड़क और अन्य क्षेत्रों को मिलाकर 11 हजार 220 सफाईकर्मियों की आवश्यकता होगी। कचरा संग्रहण के लिए लगभग 5 हजार सफाईकर्मियों की जरूरत पड़ेगी। कुल मिलाकर 16 हजार 220 सफाई कर्मियों की आवश्यकता सिंहस्थ में होगी।

मेला क्षेत्र 6 जोन में बांटा जाएगाः स्वास्थ्य सुविधाओं को सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अनुसार 6 जोन में बांटा जाएगा। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं का डिजीटल रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टॉफ की ट्रेनिंग होगी। इसके साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षाबलों को तैनात किया जाएगा।

करोड़ों की संपत्ति...

काम भी न करे। घोटाले को लेकर प्रसाद ने कहा कि ये लोग सवालों का सही और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, और इसे बदले की राजनीति बता रहे हैं। जबकि कानून अपना काम कर रहा है. क्या कानून अपना काम ना करे? क्या करोड़ों की संपत्ति गलत तरीके से हथिया ली गई तो कानून चुप बैठेगा?

प्रसाद ने कहा, "उनके (कांग्रेस) प्रदर्शन करने के अधिकार को मैं चुनौती नहीं दूंगा, लेकिन प्रदर्शन किस बात के लिए किया जा रहा है? मैं बिहार से आता हूं वहां जब भी लालू यादव और उनके परिवार से जमीन के बदले नौकरी मामले में ईडी और सीबीआई पूछताछ करती है, तब लोग पहुंच जाते हैं धरना देने के लिए। क्या वही मॉडल कांग्रेस ने अपना लिया है?" चार्जशीट में गांधी परिवार का नाम आने के विरोध में कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन कर रही है। प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा, "कांग्रेस परेशान है, देशभर में वह धरना देने की बात कर रही है। उनको धरना देने का अधिकार है लेकिन किसी को भी पब्लिक फंड और संपत्ति को लूटने का अधिकार नहीं है।" दूसरी ओर गुरुग्राम जमीन घोटाले में सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा आज बुधवार फिर से प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी के सामने पेश हुए। कल भी उनके साथ पूछताछ की गई थी। प्रसाद ने कहा कि नेशनल हेराल्ड नेहरू खानदान की कभी जागीर नहीं रही है। इसमें बड़े-बड़े लोगों ने सहयोग कर रखा है। साल 2008 में इसका प्रकाशन बंद हो गया। नेशनल हेराल्ड का पब्लिकेशन बंद हुआ तब कांग्रेस ने इसको 90 लाख रुपये की मदद पार्टी फंड से की, लेकिन वो पार्टी फंड का पैसा प्राइवेट कंपनी को दे ही नहीं सकते।

एक परिवार को पैसे देने का आरोप लगाते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये एक कॉरपोरेट षड्यंत्र था ताकि कंपनी एक संपत्ति को हड़पकर एक परिवार के लोगों को दी जा सके। उन्होंने कहा कि साल 2009 में फिर लोन दिया गया। बाद में उन्होंने कहा कि वे लोन नहीं चुका सकते। फिर यंग इंडिया कंपनी जिसके 76 प्रतिशत शेयर यानी 9 करोड़ शेयर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को दे दिया जाता है। इससे दिल्ली और लखनऊ आदि की संपत्ति इनके पास आ गई। गांधी मॉडल ऑफ करप्शन का जिक्र करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा, "90 करोड़ रुपये के बकाया के लिए 50 लाख रुपया दिए जाते हैं और फिर मालिकाना हक हासिल कर लेते हैं। इसके लिए मोतीलाल बोरा से पूछताछ की जाती है। सोनिया गांधी से भी पूछताछ हुई। इसी तरह 3 करोड़ की जमीन हरियाणा में खरीदी जाती है और फिर उसे 58 करोड़ में बेच दी जाती है। यह गांधी मॉडल ऑफ करप्शन है। मामले की सुनवाई 25 तारीख को की जाएगी। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस मामले में आरोपी हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत हुई। ईडी ने मामले की जांच की। जांच के दौरान ईडी ने मोतालाल बोरा, पवन बंसल के अलावा सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि कमाई में गांधी परिवार का जवाब नहीं। महज 50 लाख में करोड़ों की संपत्ति और जमीन ले ली। यही वाड्रा ने भी किया। ये गांधी मॉडल ऑफ डेवलपमेंट है।

भारत और ब्राज़ील वैश्विक...

बताया कि वर्तमान में भारत-ब्राज़ील कृषि व्यापार 2-3 बिलियन डॉलर का है, जबकि इसकी क्षमता 15-20 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की है। ब्राज़ील मुख्यतः उर्वरक, सोयाबीन, खाद्यान्न फसलें, चीनी, माँस और सब्जियाँ निर्यात करता है। ब्राज़ील के पूर्व कृषि मंत्री ने उल्लेख किया कि जहाँ आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ब्राज़ील अपने कुल खाद्य पदार्थों का 30 प्रतिशत आयात करता था, वहीं आज यह देश 500 बिलियन डॉलर मूल्य का कृषि निर्यात करता है। शिवराज सिंह चौहान ने ब्राज़ील के कृषि समुदाय को भारत आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि यह आपसी अनुभवों और तकनीकी साझेदारी को और प्रगाढ़ करने का अवसर होगा।

जयशंकर ने विदेशी...

को भी बढ़ावा देने की अपील जयशंकर ने विभिन्न देशों के राजदूतों से की।

त्रिपक्षीय राजमार्ग, कालादान हाईवे का किया जिक्रः अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने त्रिपक्षीय राजमार्ग और कालादान हाईवे का उल्लेख करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया। यहां बता दें कि भारत के लिए इन दोनों परियोजनाओं का बहुत अधिक रणनीतिक महत्व है। त्रिपक्षीय राजमार्ग भारत के उत्तर पूर्व के क्षेत्र को सड़क मार्ग से म्यांमार और थाईलैंड से जोड़ता है। जबकि कालादान परियोजना भारत के पूर्वोत्तरी राज्यों को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह के जरिए व्यापार और परिवहन का एक नया मार्ग प्रदान करेगी। दोनों परियोजनाएं भारत की पूर्व की ओर देखो नीति के केंद्र में हैं। इनका उद्देश्य भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के संबंधों को मजबूत करना है। इनसे कनेक्टिविटी, आर्थिक विकास, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में भी काफी मदद मिलेगी।

भारत की महत्वपूर्ण...

बढ़ावा देगा। उन्होंने भारत की पड़ोस पहले, पूर्व की ओर देखो नीति, बिम्सटेक सहित कई अन्य नीतियों में क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया।

महागठबंधन को...

जदयू नेता नीतीश कुमार की तबियत नासाज रहने की वजह से महागठबंधन इसबार बेहतर स्पेस दिख रहा है। यही वजह है कि आक्रामक चुनाव लडने के मूड में है।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने इसबार कमर कस ली है। चुनाव तो गठबंधन में ही लडने की योजना है लेकिन अपना खोया जनाधार पाने की ललक शीर्ष नेतृत्व में स्पष्ट झलक रही है। यही वजह रही कि पिछले चार महीने में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तीन बार बिहार दौरे पर आए। हर बार विपपक्षी एका का संदेश दिया। पहली बार राजद सुप्रीमो लालू यादव के घर जाकर चुनावी रेसिपी के साथ चंपारण मीट की रेसिपी पर चर्चा की। दूसरी बार पटना के होटल में पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव से दोपहर भोजन पर चर्चा की। तीसरी बार वे प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रम में शिरकत करने सदाकत आश्रम गये। उनके दौरे के बाद तेजस्वी यादव ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खडगे और राहुल गांधी से मुलाकात कर गठबंधन में सीट बंटवारे पर शुरूआती चर्चा की। जिसे अंतिम रूप तेजस्वी यादव द्वारा आहूत गुरुवार की साथी दलों की बैठक में दिया जा सकता है। ये बात अलग है कि औपचारिक घोषणा महागठबंधन के सभी साथी दल मिल कर करेंगे। बिहार में कांग्रेस,राजद, भाकपा,माकपा और माले तो बरसों से साथ मिलकर चुनाव लड रहे हैं इस बार राजग गठबंधन से छिटके पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी और रामविलास पासवान के भाई मोदी सरकार में मंत्री रहे पशुपति पारस की लोजपा भी इस बार विपक्षी गठबंधन के साथ चुनावी मैदान में उतर सकती है। यही वजह है कि इसबार 247 बिहार विधानसभा में कौन कितनी सीटों पर लडेगा, पेंच फंसा हुआ है।

कांग्रेस को 50 सीटों पर निपटाना चाहते हैं तेजस्वीः मंगलवार को दिल्ली में खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, और राजद नेता तेजस्वी यादव के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे, संयुक्त प्रचार अभियान, और साझा नीतियों पर चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में गठबंधन को और मजबूत करने पर सहमति बनी, लेकिन सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला अभी बाकी है। कांग्रेस 2020 के विधानसभा चुनाव की तरह कम से कम 70 सीटों पर लड़ना चाहती है, लेकिन राजद 50-55 सीटों से अधिक देने के मूड में नहीं है। तेजस्वी यादव बिहार में खुद को महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा बनकर उतरना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी उसके पहले ज्यादा से ज्यादा सीटें झटकने की तैयारी में है। हालांकि गत चुनाव में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट अच्छा नहीं था। कांग्रेस 70 सीटों परर विधानसभा लडी थी जिसमें से केवल 17 सीटें ही जीत पाई थी। राजद के जीत का स्ट्राइक रेट अच्छा था तभी वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को 110 सीटें मिली थीं, जबकि राजग ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। कांग्रेस को इसबार तेजस्वी यादव ने 50 सीटें ऑफर की है। राजद 150 सीटों पर लडने की तैयारी में है। शेष 47 सीटें वामदल, वीआईपी और लोजपा अगर साथ आए तो उनके बीच बांटा जाएगा।

जातिगत जगणना में....

है, कैसे भाजपा आपदा को अवसर में तब्दील करती है ये देखना रोचक होगा। कर्नाटक में जातिगत जनगणना (कास्ट सर्वे) की रिपोर्ट ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के लिए एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा कर दिया है। यह रिपोर्ट, जिसे सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण के रूप में जाना जाता है, 10 अप्रैल 2025 को कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जयप्रकाश हेगड़े द्वारा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सौंपा गया था। इसके कुछ हिस्सों के लीक होने के बाद, विशेष रूप से लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के नेताओं और विधायकों ने इसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और इसे अवैज्ञानिक करार देते हुए खारिज करने की मांग की। इस विरोध ने कांग्रेस के भीतर और बाहर तनाव पैदा कर दिया है, क्योंकि ये दोनों समुदाय कर्नाटक की राजनीति में प्रभावशाली हैं। 2018 में सर्वे के कुछ आंकड़े लीक हुए थे, जिसने लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों में असंतोष पैदा किया।

लीक हुए सर्वे के अनुसार, अनुसूचित जाति (एससी) 19.5 फीसदी, मुस्लिम 16, लिंगायत 14, और वोक्कालिगा 11 फीसदी थे। यह पारंपरिक धारणा के विपरीत था, जिसमें लिंगायत (17 फीसदी) और वोक्कालिगा (15 फीसदी) को सबसे बड़े समुदाय माना जाता है। लिंगायत और वोक्कालिगा, कर्नाटक की दो सबसे प्रभावशाली जातियां, इस सर्वे के निष्कर्षों से नाराज हैं, क्योंकि यह उनकी जनसंख्या को कम आंकता है और उनके राजनीतिक वर्चस्व को खतरे में डाल सकता है। कर्नाटक के 15 जिलों में से प्रत्येक में 10 लाख से अधिक लिंगायत वर्ग के वोटर प्रभावशाली हैसियत रखते हैं। वोक्कालिगा संघ ने सर्वे को अवैज्ञानिक बताया और दावा किया कि यह 2014-15 के पुराने डेटा पर आधारित है, जो 10 साल बाद अप्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि सर्वे में सभी घरों का दौरा नहीं किया गया और आधार डेटा (6.9 करोड़) के मुकाबले जनसंख्या को 5.9 करोड़ माना गया। कर्नाटक के जातिगत जालों में उलझी राजनीति में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कुर्बा, ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं जब कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मजबूत वोक्कालिंगा समुदाय से आते हैं। भाजपा ने सर्वे को फर्जी और मुस्लिम तुष्टिकरण का हिस्सा बताया। जेडी(एस) ने भी सर्वे का विरोध किया। इसीलिए माना जा रहा है गुरुवार की कैबिनेट में सर्वे को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. रणधीर सूद
चेयरमैन-गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी डिपार्टमेंट
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

स्पेशलः वर्ल्ड लिवर डे, 19 अप्रैल

मौजूदा दौर में अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत डाइट हैबिट के कारण लोगों में लिवर के रोगग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इससे कई तरह की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जिन्हें इग्नोर करना घातक हो सकता है। ऐसे में उन कारणों को समझना बहुत जरूरी है, जो लिवर को बीमार कर देते हैं। साथ ही इनसे बचने के उपाय और उपचार के बारे में भी जानिए।

लिवर हेल्थ को कभी ना करें इग्नोर

हमारे पाचन तंत्र का 'पावर हाउस' है यकृत (लिवर या जिगर), जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकाल बाहर करने का माध्यम भी है। शरीर के इतने महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य को बरकरार रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अगर आप यहां दिए जा रहे लक्षणों में से कुछ लक्षणों से पीड़ित हैं और आपको राहत नहीं मिल रही है, पेट की समस्या जारी है तो इस स्थिति में डॉक्टर से परामर्श करने में देर न करें।

बीमार लिवर के कुछ सामान्य लक्षण

- खाने का मन ना करना, भूख धीरे-धीरे कम होते जाना।
- अकसर पेट में दर्द या ऐंठन महसूस होना।
- पेट में अकसर सूजन होना।
- सामान्य डाइट के बावजूद वजन का कम होते जाना।
- पैरों में सूजन होना।
- बिना किसी संक्रमण के अकसर बुखार होना।
- बगैर श्रम किए हमेशा थकावट महसूस करना।
- पीलिया (जॉण्डिस) के लक्षण दिखना जैसे आंखों, नाखूनों और त्वचा के रंग का पीला होना।
- जी मिचलाना और अकसर दस्त होना।

लिवर की गंभीर बीमारियां

लिवर कैंसर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर को प्रमुख बीमारियों में शुमार किया जाता है।

बहुत खतरनाक है लिवर कैंसर

लिवर से संबंधित कोई भी बीमारी जो लंबे समय से जारी हो, वह लिवर कैंसर बन सकती है।

कारणः लिवर कैंसर होने के तीन प्रमुख कारण हैं- हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी। फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक लिवर डिजीज।

रोकथामः अगर लिवर कैंसर का कारण हेपेटाइटिस बी है, तो इसकी रोकथाम के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर हेपेटाइटिस बी के कारण लिवर में संक्रमण है तो शुरुआती दौर में इसका इलाज संभव है। हेपेटाइटिस सी के लिए वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका इलाज संभव है। अगर एल्कोहलिक लिवर डिजीज के कारण लिवर कैंसर पनप चुका है तो ऐसी स्थिति में सबसे पहले शराब पीना बंद करना जरूरी है, क्योंकि यह समस्या काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने के कारण होती है।

लिवर कैंसर का इलाजः सबसे पहले यह पता लगाया जाता है कि लिवर कैंसर की अवस्था (स्टेज) क्या है। ऐसे कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी भी कर सकते हैं या फिर मरीज की स्थिति के मद्देनजर लिवर ट्रांसप्लांट भी किया जा सकता है। अगर कैंसर स्टेज 3 या 4 में है तो इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के जरिए इलाज किया जाता है।

लिवर सिरोसिस

कारणः उपरोक्त वर्णित लिवर कैंसर के जो कारण हैं, वे लिवर सिरोसिस के संदर्भ में भी लागू होते हैं। यही बात लिवर सिरोसिस की रोकथाम के संदर्भ में भी लागू होती है।

लक्षणः खून की उल्टी होना, आंत में रक्तस्राव होना, पेट में पानी भरना लिवर सिरोसिस के कुछ प्रमुख लक्षण हैं। इसके अलावा मरीज का अतार्किक बातें करना, जिसे सहज भाषा में मरीज का 'गफलत में जाना' भी कहते हैं। मरीज बेहोश भी हो सकता है। इसके अलावा मरीज के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर भी गिर जाता है।

रोकथाम-इलाजः मरीज का अतिशीघ्र शराब छोड़ना जरूरी है। इसके अलावा लिवर सिरोसिस की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति का इलाज उसकी शारीरिक स्थिति और लक्षणों के आधार पर किया जाता है। लिवर सिरोसिस को दवाओं से नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है।

डाइट हैबिट से जुड़ा फैटी लिवर

अगर लिवर में 5% से ज्यादा वसा कोशिकाएं (फैट सेल्स) संचित हो जाती हैं तो इस स्थिति को फैटी लिवर डिजीज कहते हैं। फैटी लिवर का पता पेट के अल्ट्रासाउंड से लगता है। फैटी लीवर के दो प्रकार हैं- एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज। एल्कोहलिक फैटी लिवर काफी दिनों तक अत्यधिक शराब पीने से होता है, जिसकी रोकथाम के लिए सबसे पहले शराब छोड़ना होता है। इसके बाद मरीज को दवाएं भी दी जाती हैं।

लक्षणः दोनों प्रकार की फैटी लिवर की समस्याओं में अकसर पेट से संबंधित तकलीफें महसूस होती हैं। जैसे पेट दर्द, दस्त होना, पेट फूलना, गैस बनना, बदहजमी, भूख कम लगना और कब्जियत आदि।

अनहेल्दी लाइफस्टाइल का नतीजाः नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के ज्यादातर मामले अनहेल्दी डाइट, नियमित रूप से व्यायाम या शारीरिक श्रम न करने और मोटापे के कारण बढ़ते हैं। जो लोग जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार को प्रतिदिन या अकसर ग्रहण करते हैं, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। इन दिनों युवा वर्ग भी बड़े पैमाने पर नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर समस्या से ग्रस्त हो रहा है। उनमें बढ़ती इस बीमारी का एक प्रमुख कारण फैटी फूड्स, फास्ट फूड और जंक फूड्स को अपने खान-पान में वरीयता देना है।

इनको है ज्यादा रिस्कः जो लोग मोटापे से ग्रस्त हैं या फिर जिनका बॉडी मास इंडेक्स 25 से ऊपर है, उनमें नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर होने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से ग्रस्त जिन लोगों के पेट पर शरीर के अन्य भागों की तुलना में कहीं ज्यादा चर्बी संचित होती है, उन्हें फैटी लिवर होने का जोखिम ज्यादा है। मधुमेह ग्रस्त लोगों को फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा रहता है। इसलिए ऐसे लोगों को ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखना चाहिए। जिन लोगों के रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर ज्यादा है, उनमें भी फैटी लिवर का जोखिम ज्यादा होता है। इस संदर्भ में डॉक्टर से परामर्श लेकर लिपिड प्रोफाइल टेस्ट करवाएं।

रोकथाम-इलाजः फैटी फूड्स और जंक फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें। शारीरिक स्थिति और उम्र के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करें। बेहतर रहेगा कि आप व्यायाम करने से पूर्व इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट और अपने डॉक्टर से परामर्श लें। जो लोग मोटापे के कारण फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त हैं, अगर वे अपने वजन को खान-पान और व्यायाम के जरिए 7 से 10% तक कम कर लेते हैं तो उन्हें काफी राहत मिल सकती है। अगर जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं मिलते तो फैटी लिवर से छुटकारा पाने के लिए दवाएं दी जाती हैं।

हेपेटाइटिस के प्रकार और लक्षण

लिवर में संक्रमण और सूजन की स्थिति को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरल संक्रमण है, जिसके पांच प्रमुख प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, हेपेटाइटिस डी और हेपेटाइटिस ई।

हेपेटाइटिस ए और ईः इन दोनों का वायरस दूषित खाद्य पदार्थों और प्रदूषित पेयजल के जरिए व्यक्ति को संक्रमित करता है। इसलिए दोनों हेपेटाइटिस से बचाव के लिए स्वच्छ खाद्य पदार्थ ग्रहण करें और शुद्ध जल पिएं। इन दोनों हेपेटाइटिस में लगभग 1% मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं। इन मर्जों से ग्रस्त लोगों का इलाज लक्षणों के आधार पर किया जाता है। हेपेटाइटिस ए से बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। अगर समुचित इलाज नहीं कराया गया तो हेपेटाइटिस ई गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशुओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

हेपेटाइटिस बीः इससे बचाव के लिए टीका (वैक्सीन) उपलब्ध है। इसके अलावा कुछ दवाओं से इस मर्ज को नियंत्रित किया जा सकता है।

हेपेटाइटिस सीः इसके इलाज में दवाएं काफी हद तक कारगर हैं।

हेपेटाइटिस डीः जिन लोगों को हेपेटाइटिस बी का संक्रमण होता है, वही हेपेटाइटिस डी से ग्रस्त होते हैं। मरीज के लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला

इन बातों पर दें ध्यान

- डॉक्टर की सलाह के बगैर पेनकिलर्स या फिर एंटीबायोटिक्स लेना लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह है।
- एंटीडिप्रेसेंट मेडिसिंस (अवसादरोधी दवाएं) के भी लिवर पर साइड और आफ्टर इफेक्ट्स हो सकते हैं। इसलिए ऐसी दवाओं का सेवन मनोरोग विशेषज्ञ के परामर्श से करें।
- दिन भर विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए लगभग 3 से 5 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच की मात्रा भर) का सेवन किया जा सकता है। नमक का अधिक सेवन लिवर में सूजन के खतरे को बढ़ा देता है।
- ट्रांस फैट्स के सेवन से बचें। जब तेल में खाद्य पदार्थों को बार-बार तला जाता है तो ऐसे खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट्स की मात्रा बढ़ जाती है। ट्रांस फैट्स से निर्मित खाद्य पदार्थों में अतिरिक्त कैलोरीज होती हैं, जिससे वजन तेजी से बढ़ता है और ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से कालांतर में लिवर की कोशिकाओं पर वसा की परत संचित होने लगती है, जिससे लिवर में सूजन संभव है।
- अत्यधिक शुगर और 'कृत्रिम स्वीटनर्स' युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ये कालांतर में लिवर के लिए नुकसानदेह हैं।

तब रहेगा लिवर हेल्दी

अपने लिवर को हेल्दी रखने के लिए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।

वजन में करें 10% की कमीः अगर मोटापे से ग्रस्त कोई व्यक्ति व्यायाम और कम कैलोरी युक्त खान-पान के जरिए अपने शरीर के वजन में लगभग 10% की कमी करने में सफल रहता है, तो वह लिवर से संबंधित बीमारियों से कुछ हद तक दूर रह सकता है। मोटापा आपके लिवर का शत्रु है। अपने बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को 25 से ऊपर न जाने दें, इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

लिपिड प्रोफाइल जांचः समय-समय पर डॉक्टर के परामर्श से लिपिड प्रोफाइल जांच कराते रहें ताकि यह पता चल सके कि आपके रक्त में कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ा तो नहीं है। अगर ये स्तर बढ़ा है तो फिर डॉक्टर के परामर्श से दवाएं लें।

शराब से दूरीः हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार शराब और अन्य मादक पदार्थ लिवर पर अपना दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए इनके सेवन से परहेज करें।

ब्लड शुगर करें नियंत्रितः जो लोग मधुमेह से ग्रस्त हैं, वे रक्त शर्करा स्तर (ब्लड शुगर लेवल) को डॉक्टर के परामर्श से नियंत्रित रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ा हुआ शुगर लेवल फैटी लिवर और इससे संबंधित समस्याओं के जोखिम को बढ़ाता है। इनके अलावा स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें। इसके अंतर्गत आहार में मौसमी फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार प्रतिदिन 20 से 30 मिनट व्यायाम करें, योगासन करें या टहलें। जंक फूड्स, अत्यधिक चिकनाईयुक्त और मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। शराब और अन्य मादक पदार्थों से परहेज करें। इसके अलावा असुरक्षित यौन संबंधों से बचें। सोयाबीन, अलसी, ब्रोकली, अखरोट, सीड्स और अंकुरित अनाजों को आहार में वरीयता देना लिवर के लिए लाभप्रद है। इन्हें अपनी डेली डाइट में शामिल करें।

उपयोगी फल / राजकुमार 'दिनकर'

स्वास्थ्य के लिए लाभकारी कोकम

कोकम का वानस्पतिक नाम गारनिया इंडिका है। मूल रूप से यह कोंकण इलाके का पेड़ है। इसके फल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसका व्यापारिक इस्तेमाल भी होता है। कोकम के फल गहरे जामुनी से लेकर काले रंग के होते हैं। इसका फल चिपचिपा और टेढ़े-मेढ़े किनारे वाला होता है। अकसर इसे आधा काटकर धूप में सुखाकर भारतीय रसोई में मसाले की तरह इस्तेमाल होता है। इसे आमसल कोकम या कोकाम भी कहा जाता है। महाराष्ट्रियन, कोंकण और गुजराती व्यंजनों में इसका काफी इस्तेमाल होता है। खट्टे-मीठे स्वाद वाले कोकम को इमली का अच्छा विकल्प माना जाता है।

होते हैं कई गुणः कोकम खाने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। जो लोग अकसर बीमार रहते हैं, उन्हें इसका नियमित सेवन करना चाहिए। यह एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह रक्त में शुगर को कंट्रोल रखता है और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कोकम में विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, मैग्नीज और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारी हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं। कोकम का सेवन न्यूरोनल विकास की क्रिया में मदद करता है, जिससे दिमागी शक्ति बढ़ती है, पॉजिटिविटी आती है।

वजन घटाने में सहायकः इसके फल को पानी में उबाल कर और छानकर पीने से वजन कम करने में काफी सहायता मिलती है। दस्त होने पर कोकम के फलों का चूर्ण ठंडे दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। इसे एसिडिटी के इलाज के लिए भी जाना जाता है।

लू से बचाएः गर्मी में कोकम का शर्बत पीने से लू से बचाव होता है। प्यास बुझाने वाला यह एक ऐसा शर्बत होता है, जिसकी तासीर ठंडी होती है।

कैसे इस्तेमाल करें: कोकम को इमली की तरह सूखे फल के रूप में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे इस्तेमाल करते समय इसके छिलके को काटा नहीं जाता, इसे साबूत ही सुखाया जाता है। सुखाने के दौरान इनमें धूल मिट्टी चली जाती है, इसलिए इसे संग्रहित करते समय अच्छी तरह साफ करके रखना चाहिए। *

न्यू ट्रीटमेंट
रजनी अरोड़ा

हाल में एक अमेरिकन कंपनी ने मोटापा नियंत्रित करने के लिए मुंजारो दवा लॉन्च की है। यह कैसे काम करती है, कितनी कारगर है और इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, इस बारे में जानिए।

ओबेसिटी दूर करने में हेल्पफुल मुंजारो

मोटापा या ओबेसिटी आज दुनिया भर में महामारी का रूप लेता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार मोटापा, डायबिटीज, कैंसर, लिवर डिजीज, हाइपरटेंशन, हृदय रोग, डिप्रेशन, स्लीप एपनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों की वजह होने के साथ असमय होने वाली मौत के कारकों में दूसरा बड़ा कारण भी है। भारत की बात करें तो करीब 7-8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे से ग्रस्त हैं। 'लैंसेट' की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक वयस्क आबादी में 9.8 प्रतिशत महिलाएं और 5.4 प्रतिशत पुरुष मोटापे का शिकार हैं। तकरीबन 8 करोड़ लोग गंभीर मोटापे का शिकार हैं, जिनमें 1.25 करोड़ बच्चे हैं, जिनका बीएमआई इंडेक्स रेट 30 या अधिक है। जबकि 18-25 बीएमआई वाला व्यक्ति हेल्दी की श्रेणी में आता है। हालांकि ओबेसिटी को दूर करने के लिए दुनिया भर में कई तरीके अपनाए जाते हैं। बेरियाट्रिक सर्जरी के अलावा रैस्मीटोरॉन, स्मैलेग्लूटाइड जैसी ड्रग्स पहले से ही प्रचलन में हैं। पिछले महीने एक अमेरिकी कंपनी ने मुंजारो या टिरजेप्टाइड इंजेक्शन लॉन्च किया। इसके ट्रायल में काफी सफलता मिली है।

कैसे दी जाती है दवाः ओबेसिटी से ग्रस्त व्यक्ति को मुंजारो का इंजेक्शन सप्ताह में एक बार दिया जाता है। व्यक्ति पेट, बांह या पैर पर यह इंजेक्शन लगवा सकता है।

कैसे करता है असरः हमारे ब्रेन के स्टेटाइटी सेंटर में दो तरह के हार्मोन निकलते हैं- जीएलपी वन (ग्लूकोगन लाइक पेप्टाइड वन) और जीआईपी (ग्लूकोज डिपेंडेंट इंसुलिनोट्रोपिक पॉलिपेप्टाइड)। ये हार्मोन हमें पेट भरने का अहसास दिलाते हैं, जिससे हम खाना बंद कर देते हैं। मुंजारो दवाई इन हार्मोन के रिसेप्टर पर काम करके अर्ली स्टेटाइटी की फीलिंग कराती है। यानी थोड़ा खाना खाने के बाद ही व्यक्ति को पेट भरे होने का अहसास होता है और उसका कैलोरी इनटेक कम हो जाता है। यह खाना डाइजेस्ट करने या पेट की मूवमेंट की रफ्तार को कम कर देता है। यानी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे खाना व्यक्ति के पेट में ज्यादा लंबे समय तक रहता है। भूख कम लगने से व्यक्ति कम खाता है, जिससे शरीर में शुगर लेवल और मोटापा कम बढ़ता है।

सामान्य तौर पर हमारे दिमाग से ऐसे हार्मोन निकलते हैं, जिनसे भूख भी लगती है और पेट भरा रहता है। यह दवाई भूख लगने वाले हंगरी हार्मोंस को कम करता है। साथ ही पेट भरे होने का अहसास दिलाने वाले हार्मोन बढ़ाता है। इससे व्यक्ति को भूख नहीं लगती और वह खाना कम खाता है। यह दवा, पेनक्रियाज ग्लैंड्स के अल्फा-बीटा सेल्स को रिलैक्स करती है, जिससे वो ज्यादा अच्छे तरीके से काम करते हैं।

किन्हें हो सकता है नुकसानः ओबेसिटी के शिकार व्यक्ति को डॉक्टर से परामर्श के उपरांत ही मुंजारो इंजेक्शन लेना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज थाइरायॅड कैंसर, मल्टीपल एंडोक्राइन नियोप्लाजिया सिंड्रोम जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को मुंजारो इंजेक्शन नहीं लेना चाहिए।

हो सकते हैं साइड इफेक्ट्सः हालांकि ओबेसिटी कम करने वाली दवा कारगर साबित हो रही है। लेकिन इनके शरीर पर कुछ प्रभाव भी पड़ते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि फैट के साथ शरीर का मसल्स-मास कम हो जाता है, जिससे व्यक्ति कमजोरी, थकान महसूस करता है। इसके अलावा मुंजारो दवाई लेने पर शुरू में व्यक्ति को पेट दर्द, गैस बनना, उल्टियां आना, घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। जिसके लिए हल्का सुपाच्य खाना खाने, ओवरइटिंग न करने की सलाह दी जाती है। धीरे-धीरे शरीर को आदत होने पर साइड इफेक्ट कम हो जाते हैं। पेशेंट आहार में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन रिच खाना ले सकता है।

वेट ऐसे रहेगा मेंटेनः वजन कम करने के लिए सिर्फ मुंजारो पर निर्भर रहना सही नहीं है। इसके साथ व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी भी जरूरी है। जिसमें संतुलित और पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित व्यायाम करना बहुत जरूरी है। ताकि दवाई बंद करने के बाद वजन दोबारा न बढ़े। *

(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

आप हेल्थ कॉन्शस हैं तो योगाभ्यास रेग्युलर करते ही होंगे। लेकिन योगाभ्यास आप आराम से कर सकें और इसका सही लाभ आपको मिले, इसके लिए आपको सही योगा मैट का यूज करना चाहिए। कैसा हो आपका योगा मैट, जानिए।

योगासन के लिए कैसा हो आपका योगा मैट

सजेशन
राजकुमार

आजकल योग का क्रेज पूरी दुनिया में छाया हुआ है। वर्किंग हो या नॉन वर्किंग किसी भी आयुवर्ग के लोग योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए इसे सहजता से अपना रहे हैं। अब आप योगासन सीखने की शुरुआत कर रहे हैं या सालों से इसे कर रहे हैं, तो योगा मैट का इस्तेमाल तो करते ही होंगे। योगा मैट इसलिए जरूरी है, क्योंकि योगासन करने के दौरान बैठने या लेटने के लिए हमें किसी ऐसी मैट की जरूरत होती है, जिससे हमारे जोड़ों पर दबाव न पड़ें, शरीर की जमीन पर पकड़ स्थिर रहें। योगा मैट के जरिए यह सब संभव है। अब सवाल है योगा मैट खरीदते समय किन बातों का ख्याल रखें?

क्वालिटी हो सहीः बाजार में सस्ते या कहें लो क्वालिटी के योगा मैट भी उपलब्ध हैं, लेकिन हमें उसकी गुणवत्ता देखकर खरीदना चाहिए, क्योंकि आम सी दिखने वाली योगा मैट पर लगातार पैरों और शरीर का दबाव पड़ने से यह खराब हो जाती है। अच्छी क्वालिटी की योगा मैट कंफर्टेबल और अच्छी पकड़ देती है। इसका स्पंज हमारे शरीर के दबाव को संतुलित करता है और इसकी मोटाई एक आरामदायक वर्कआउट सुनिश्चित करती है, क्योंकि इससे हमें सही कुशनिंग मिलती है। आजकल ये योगा मैट अलग-अलग तरह की लंबाई, चौड़ाई और मोटाई में उपलब्ध होते हैं। हमें अपनी बॉडी के आकार के अनुरूप ही योगा मैट का चयन करना चाहिए। इसकी मोटाई भी हमारे शरीर के वजन के लिए परफेक्ट होनी चाहिए।

मैट की मोटाईः योगा मैट की पकड़ भी एक अहम गुण है। योगासन करते समय जब हम उस पर खड़े होते हैं तो पैरों पर उसकी पकड़ मजबूत होनी चाहिए। योगासन करते समय वह इधर-उधर फिसलना नहीं चाहिए। यह उसकी मोटाई पर निर्भर करती है। इसकी मोटाई जितनी ज्यादा होगी, हथेलियों, घुटनों और पैरों को उतनी ही बेहतर कुशनिंग मिलेगी। योगासन के द्वारा शरीर के इन अंगों पर ज्यादा दबाव डलने के कारण इनमें चोट न लगे, इसलिए मोटी योगा मैट का चुनाव करना चाहिए। योगासन के लिए मैट की मोटाई 1/8 से 1/2 इंच, पाइलेट्स के लिए 1/2 इंच मोटी और नॉर्मल एक्सरसाइज के लिए 1/2 इंच से 2 इंच मोटी होनी चाहिए।

मैटीरियल हो अच्छाः कुछ मैट दिखने में आकर्षक होने के साथ-साथ सस्ते भी होते हैं। लेकिन सस्ते होने के कारण इनका मैटीरियल भी हल्का होता है। बिछाने के बाद ये बार-बार मुड़ते रहते हैं, जिससे आप एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं, इसलिए ऐसा मैट खरीदने से बचें। वर्कआउट करते समय हम अपना अधिकांश समय योगा मैट पर ही गुजारते हैं। इसलिए हल्के रंगों की बजाय गहरे रंग का चयन करें। इसकी बनावट अगर ज्यादा खुरदरी होती है तो वह असुविधाजनक लगती है। इसका स्पंज ऐसा होना चाहिए, जो आपकी बॉडी की पकड़ के अनुकूल हो। पीवीसी मैट स्पंजीनेस के लिए और कॉर्क जैसे कठोर योगा मैट का भी चयन कर सकते हैं।

करते रहें सफाईः योगा मैट पर योग करने के दौरान शरीर से लगातार पसीना निकलता है, जिसके कारण यह चिकने और गंदे हो जाते हैं। अगर इसे साफ न रखा जाए तो इससे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए योगा मैट की रेग्युलर सफाई रखें। *

हुकुमचंद मिल की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र होगा

- तय करेंगे उद्योगपति बनाएं मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास
- मुख्यमंत्री ने किया वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के अधिवेशन का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूर भाई-बहनों की तरह रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गए हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई। प्रावधान किया जाएगा कि उद्योगपति औद्योगिक परिसर में मजदूरों के लिए सर्वसुविधायुक्त पक्के आवास बना कर दें। डॉ यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब आलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि संबल योजना अन्तर्गत मजदूरों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के संबल के लिए अनुग्रह राशि दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है। संबल योजना में रतलाम जिले के 4 लाख 92 हजार मजदूरों का पंजीयन किया जा चुका है। योजना में पुनः सर्वे कराया जाकर वंचित रहे शेष पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान प्रदान किए जाएंगे।

किसानों के लाभ वाली योजनाओं का किया उल्लेख

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की स्थिति बेहतर करने के लिए हर किसान के खेत पर पानी पहुंचाना, बिजली के संसाधन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को मोटा अनाज (श्री अन्न) उत्पादन के लिए प्रेरित करने के लिए रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत कोदो, कुटकी, मक्का तथा मोटे अनाज उत्पादन करने वाले कृषको को एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का अनुदान दिया जाएगा। डॉ. आंबेडकर जयन्ती के अवसर से सरकार द्वारा गोपालकों से सहकारिता समितियों के माध्यम से दूध खरीदने की व्यवस्था के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना प्रारम्भ की गई है। पशुपालन अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारिता आधारित कार्य किया जा रहा है। योजना अन्तर्गत 25 से ज्यादा गाय-भैंस पालने वाले गौपालक को अनुदान दिया जाएगा।

कार्यक्रम को रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, अखिल भारतीय मजदूर महासंघ के अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के संस्थापक अरविन्द मोघे का अंग वस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। विधायक सभागृह रतलाम में आयोजित अधिवेशन में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक मथुरालाल डामर, विधायक चिन्तामण मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

खबर संक्षेप

हटाई गईं ठाकुर बनीं एनएचआरसी में एसपी

भोपाल। प्रदेश के बहुचर्चित मऊगंज कांड के बाद जिले के एसपी पद से हटाई गईं रसना ठाकुर को भोपाल के मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)में एसपी बनाया गया है। पिछले महीने रसना ठाकुर को मऊगंज से ट्रांसफर कर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में एआईजी के पद पर भेजा गया था। मंगलवार को शासन ने आदेश जारी करते हुए रसना ठाकुर की सेवाएं अब सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपते हुए उन्हें मानवाधिकार आयोग, भोपाल में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किया है।

राजपत्रित अधिकारी संघ का सम्मेलन 27 को

भोपाल। मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन राजधानी भोपाल में 27 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। संघ के प्रांताध्यक्ष डीके यादव ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह यादव, शिव चौबे, रमेश शर्मा, संघ के प्रांतीय, संभागीय, जिला पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में राजपत्रित अधिकारी संघ की मांगों पर विचार-विमर्श कर उनके निकाकरण की रणनीति बनाई जाएगी। डीके यादव ने बताया कि मांगों में प्रमुख रूप से राजस्व विभाग अनुसार समस्त राजपत्रित अधिकारियों को वेतनमान एवं पदनाम, सामाजिक सुरक्षा-दायित्व को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना, समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को आयुषमान कार्ड की तर्ज पर 10 लाख तक का केश-लेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आदि के साथ विकासखंड के सभी कार्यालय प्रमुखों को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया जाए।

कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी, मची सनसनी

कबीरधाम। कलेक्ट्रेट कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी आई है। कलेक्ट्रेट के ई-मेल आई में एक मेल आया था। ऐसे में कलेक्ट्रेट में सनसनी फैल गई। आनन-फानन मौके पर पुलिस बल को बुलाया गया। पूरे कार्यालय परिसर की सघन जांच अभियान चलाया गया। जब कुछ नहीं मिला तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। टीम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित जिला कोषालय, बैंक, डाकघर, समेत सभी कार्यालय की जांच किया है। कलेक्ट्रेट प्रांगण के अलमारी एवं मेज कुर्सी आदि की जांच पड़ताल की, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। मेल में 2.30 बजे तक का समय दिया गया था।

मारे गए नक्सलियों पर थे पांच-आठ लाख रुपए के इनाम

दो नक्सली मुठभेड़ में हुए ढेर हथियार, गोला-बारूद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोंडागांव व नारायणपुर सीमा से लगे किलम-बरगुम गांव में पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराने में सफलता हासिल की। वहीं, घटनास्थल से हथियार व गोला बारूद भी बरामद किया गया।

मारे गए दोनों नक्सलियों की शिनाख्त हो गई, जिनके ऊपर आठ व पांच लाख का इनाम घोषित था।

नक्सलियों की बैठक लेने की मिली थी सूचना

जिला कोंडागांव व नारायणपुर के सीमा से सटे किलम-बरगुम क्षेत्र में पुलिस जवानों को जंगलों में नक्सलियों के आने की सूचना के साथ ही बैठक लिए जाने की सूचना मिली। कोंडागांव डीआरजी, बस्तर फाइटर टीम नक्सलियों की खोज में निकली थी।

भाग खड़े हुए नक्सली

अभियान के दौरान 15 अप्रैल की शाम को सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों के द्वारा रात में ही सर्चिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने अब तक दो नक्सली कैडरों के शव बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों में पूर्वी बस्तर का खूंखार नक्सली कमांडर डिवीसीएम हलदर और एसीएम रामे को मार गिराने में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। मारे गए नक्सलियों पर 8 लाख एवं 5 लाख करीब 13 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल एवं अन्य हथियार, विस्फोटक, एवं नक्सली सामग्री बरामद हुआ है।

अवैध वसूली, लापरवाही, की मिल रही थीं शिकायत

बांगो टीआई समेत दो अन्य पुलिसकर्मी निलंबित

कोरबा। जिले के बांगो थाना क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर लगातार थाना प्रभारी के खिलाफ जैन प्रतिनिधि ने मोर्चा खोल दिया था। लगातार बाइक चेकिंग, अब शराब को लेकर लगातार किसी ने किसी को प्रताड़ित किया जा रहा था जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष द्वारा मंत्री के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक कोरबा को शिकायत की गई थी। बांगो थाना प्रभारी उषा सिंधिया, प्रधान आरक्षक जितेन जायसवाल की पुलिस अधीक्षक ने शिकायत को देखते हुए पद से निलंबित कर दिया है। लगातार बांगो थाना क्षेत्र में अवैध वसूली व बाइक चेकिंग वह जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर को लेकर शिकायत की जा रही थी जिसे जनप्रतिनिधियों का नाम धूमिल किया जा रहा था। शिकायत पत्र कार्यालय

को प्राप्त हुई थी। शिकायत पत्र में निरीक्षक उषा सोंधिया, थाना प्रभारी बांगो के द्वारा वाहन चेकिंग व शराब पकड़ने के नाम पर अवैध वसूली किया जाना व जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यव्हार किया जाना उल्लेखित था। शिकायत पत्र की गंभीरता को देखते हुए रविन्द्र कुमार मीना नगर पुलिस अधीक्षक, सायबर सेल, कोरबा से कराई गई।

तालाबों और कुओं को साफ रखें, यदि आज सहेजेंगे तो हर खेत को कल मिलेगा जल

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रही विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रदेश के जिलों में जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के लिये विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में जनभागीदारी से जल संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। प्राचीन जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत आयोजित वॉटरशेड महोत्सव-2025 जल संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही।

कार्यक्रम में विधायक शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र जैन, जनप्रतिनिधि, किसान, पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा, छात्र-छात्राएं, और स्थानीय जन मौजूद रहे। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का उद्देश्य /"हर खेत को पानी/" देना है, ताकि किसानों को वर्ष भर सिंचाई की सुविधा मिल सके और खेती की उत्पादकता में वृद्धि हो। योजना के तहत वाटरशेड डेवलपमेंट एक महत्वपूर्ण घटक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और भूमि सुधार जैसे कार्यों पर केन्द्रित है।

देवास में तालाब के गहरीकरण से पानी का होगा संचय, वॉटर लेवल भी बढ़ेगा

देवास जिले में प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत टिगरिया गोगा एवं पर्वतपुरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है। इस तालाब के गहरीकरण होने से बारिश के दिनों में अधिक पानी का एकत्रितकरण होगा तथा वॉटर लेवल भी बढ़ेगा। इससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

छतरपुर में प्रताप सागर तालाब की सफाई

छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्राम निवरिया में ग्रामीण लोगों की बैठक कर लोगों को तालाबों, कुएं एवं बावड़ियों की सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और श्रमदान की शपथ दिलाई गई। प्रताप सागर तालाब की सफाई अभियान कराया गया। राजनगर के बसारी के ग्राम भैरा में श्रमदान किया गया।

धार के जलगंगा अभियान में युवाओं ने दिखाया सामाजिक उत्तरदायित्व

धार एवं तिरला विकासखंड में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार के जीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, नवांकुर समिति, सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद ग्राम जेतपुरा स्थित तालाब की सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसमें सभी छात्रों और अतिथियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है। शहडोल जिले के ब्यौहारी की महिलाओं ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल का महत्व बताने के लिए दीवार पर नारे लिखें तथा जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

वन संरक्षण और जलवायु-समर्थ आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला कल से भोपाल में

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव करेंगे शुभारंभ
- विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन
- जनजातीय जीवन और प्रकृति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे।

दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की रूपरेखा डॉ. राहुल मूंगीकर प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय और प्राकृतिक संरक्षण पर केंद्रित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति भी दी जाएगी। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह स्वागत उद्बोधन देंगे।

प्रमुख विषय-वन संरक्षण पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक प्रबंधन

राष्ट्रीय कार्यशाला के सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। बैंगलुरू से आ रहे प्रो. रमेश विशेषज्ञ वक्तव्य भी देंगे।

राज्यपाल पटेल समापन सत्र को करेंगे संबोधित

राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय कार्य शाला के समापन-सत्र में मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व राष्ट्रीय जनजातीय आयोग अध्यक्ष हर्ष चौहान समापन वक्तव्य देंगे। कार्यशाला में वनीकरण, जलवायु संवेदनशीलता और वनवासी समुदायों की समावेशी भागीदारी पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

वन विभाग की नर्सरी में किसी ने लगा दी थी आग

वन विभाग की नर्सरी तक फैली आग, 3 दमकलों ने पाया आग पर काबू

केसीएन कंपनी कंपनी के यार्ड में भीषण आग, चपेट में आए वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत रिसदी स्थित केसीएन कंपनी के यार्ड में भीषण आग लग गई, जिससे दो चारपहिया वाहन और कई बाइक आग की चपेट में आ गए। आग कंपनी के यार्ड से लगे वन विभाग के नर्सरी में भी फैल गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया और दमकल वाहन तथा 112 को सूचना दी गई। नगर सेना की तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग का कारण अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि यार्ड के पीछे वन विभाग का जंगल है जहाँ किसी के द्वारा आग लगा दी गई थी। आग फैलने-फैलते यहां तक जा पहुंची और दीवार से होते हुए यार्ड में खड़ी वाहनों तक जा पहुंची। और देखते ही देखते आग की लपटे बढ़ने लगी यार्ड में गार्ड ने इसकी सूचना तत्काल अपने मालिक को दी जहां तत्काल 112 और दमकल वाहन को मौके पर बुलाया गया।

आग से लाखों के नुकसान का आंकलन, कई वाहन क्षतिग्रस्त

नगर सेना टीम की तीन दमकल वाहन एक के बाद एक मौके पर पहुंचे और घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। केसीएन कंपनी के मालिक मनोज कुमार ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है। कहीं ना कहीं वन विभाग की लापरवाही इसमें सामने आ रही है अगर जंगल में आग लगी थी तो वन विभाग के तीन मौके पर क्यों नहीं पहुंची और आग पर काबू क्यों नहीं पाया गया। कंपनी के मालिक ने बताया कि याद पर कई गाड़ियां खड़ी हुई थी जिसमें से दो चार पहिया वाहन बाइक के अलावा टायर में आग लगी है लाखों को नुकसान हुआ है।

घंटों चली आग बुझाने की मशक्कत

आग बुझाने के प्रयास नगर सेना की तीन दमकल वाहन ने आग बुझाने के लिए घंटों तक मशक्कत की। जहां नगर सेवा के प्रभारी पी बी सिदार ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही खुद वह मौके पर पहुंचे और किसी तरह आप पर काबू पाने का प्रयास किया। आग कंपनी के यार्ड और वन विभाग के नर्सरी में फैल गई थी। वही जंगल में कई छोटे बड़े पेड़ जलकर खाक हो गए। यह घटना कोरबा में आग की सुरक्षा के महत्व को उजागर करती है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता को दर्शाती है।

पसान थाना क्षेत्र की पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की घटना

तेज रफ्तार कार हादसे का शिकार, जिंदा जला चालक

कोरबा। पसान थाना क्षेत्र की पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की कारीमाठी मोड़ के पास दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक कार सड़क हादसे का शिकार हो गई और इस हादसे में कार चालक की कार के अंदर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कार कोरबा की तरफ से पेंड्रा रोड की तरफ जा रही थी।



पेंड्रा कटघोरा मुख्य मार्ग की कारीमाठी मोड़ के पास हादसे के बाद कार में आग लग गई और वाहन धूं-धूं कर जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन का चालक भी कार में ही फंस गया और जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। मुख्य मार्ग से गुजर रहे लोगों की नजर जब उसपर पड़ी तब इसकी सूचना तत्काल पसान थाना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद कार में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई और यह घटना सामने आई।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में ऑपरेशन के लिए 50 रोगियों का चयन

नई दिल्ली। सनातनी संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ (बीपीएमएस) के 26 वें निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर में भारी संख्या में मरीज उमड़े। 170 से अधिक मरीजों की ओपीडी हुई। कैंसर के सात मरीजों की निःशुल्क स्क्रीनिंग हुई। यह शिविर विख्यात समाज सेवी बैकुंठवासी उषा चेतन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। शिविर में आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद का लैंस वाला आपरेशन निःशुल्क करने के लिए 50 से अधिक मरीजों का चयन किया गया। ये आपरेशन गुरुग्राम में किए जाएंगे। मरीजों को भिवानी से गुरुग्राम ले जाने एवं वापस लाने तथा दवाओं का सारा खर्च बीपीएमएस द्वारा वहन किया जाएगा।

7 मरीजों की कैंसर स्क्रीनिंग, विकसित भारत-स्वस्थ भारत मिशन को समर्पित है बीपीएमएस : राजेश

संस्था रूरतमंदों की सेवा में तत्पर

समाजसेवी उषा चेतन ने समस्त जीवन मरीजों, गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा में ही बिताया था। शिविर की शुरुआत से पूर्व उषा चेतन के चित्र पर पुष्पांजलि देकर उनके संकल्पों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। बीपीएमएस के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि उनकी संस्था प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को यह शिविर लगाती है। इस अवसर पर राजेश चेतन, संजय गुप्ता, विनय सिंघल, कांता बजाज, डा. बुद्धदेव आर्य, शिवराज भारद्वाज, राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज व क्षेत्र के कई अन्य गण्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प करनाल	बाल ग्राम, राई जिला सोनीपत में हॉल में ऑडियो वीडियो सिस्टम का प्रावधान।	16.04.2025 22.04.2025	4.26 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in
2	महानिदेशक, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ़	हरियाणा रोडवेज की बसों के लिए अगले एक वर्ष आवश्यकता हेतु एल्यूमीनस रिवेट्स सहित एस्बेसटोस फ्री ब्रेक लाइनिंग और क्लच फेसिंग, मूल्य लगभग ? 3.99 करोड़ की खरीद के लिए निविदा जमा करवाने के विस्तार हेतु शुद्धिपत्र सूचना।	बंद होने की तिथि 22.04.2025	3.99 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	1722710371 dtcstore-dst@hry.gov.in
3	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल	जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल नारनौल में वर्ष 2025-26 हेतु महेन्द्रगढ़ क्षेत्र में बाढ़ योजना के तहत पम्प हाउस एनडी-1 के निकट डी-वाटरिंग स्कीम।	बंद होने की तिथि 21.04.2025	48.04 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक	जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, रोहतक में ड्रेन नं. 8 के अंदर जसिया लिंक ड्रेन आउटफॉलिंग पर शैड का प्लेटफॉर्म समेत टेल रेगुलेटर स्थाई पम्प हाउस पर डीजी सैट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 2 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 21.04.2025	240 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com
5	सिविल सर्जन, कैथल	जिला नागरिक हस्पताल कैथल में रॉडेंट कंट्रोल सर्विस।	17.04.2025 03.05.2025	ईएमडी 20000	https://etenders.hry.nic.in	7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in
6	सीईओ, जैडपी, फतेहाबाद	भुना से ढाणी सांचला तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी एच-879) + 14 कार्य।	11.04.2025 22.04.2025	1409.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416728389 zpftb@hry.nic.in
7	पंचायती राज, कैथल	गांव सेगा, ब्लॉक कैथल, जिला कैथल में सिसला रोड बलवान पुत्र दलीप के खेत से पिलनी रोड बारू पुत्र रूलिया के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण।	15.04.2025 21.04.2025	20.70 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1746234748 prexeeng.Kti@hry.nic.in
8	पंचायती राज, भिवानी	गांव किरावड़ ब्लॉक बवानी खेड़ा में बस स्टैंड के निकट सामुदायिक केन्द्र का निर्माण।	15.04.2025 22.04.2025	48.78 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in
9	पंचायती राज, हिसार	सिंघवा खास, हांसी2, लाइब्रेरी बिल्डिंग का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य।	15.04.2025 28.04.2025	52.83 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
10	महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा	जल क्रीड़ा उपकरण : किट-I-कयाकिंग और कैनोइंग स्पोर्ट्स उपकरण। 2. किट-II - रोइंग स्पोर्ट्स उपकरण जिला खेल कार्यालय, करनाल (सेंटर स्टोर)।	16.04.2025 16.05.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570122 Supplies@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/200/33942/I/88/7 दि. 16.04.25

चिंतन

पश्चिम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।

स्वास्थ्य

प्रोफेसर अश्वनी महाजन

कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया।

घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों

से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है।

यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह

अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर

वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।' इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर



चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने, जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था और सांसदों को आमतौर पर अपने घरों की चमक-दमक की ही ज्यादा फिक्र रहती थी। राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति हरिवंश उनके प्रधानमंत्री काल में उनके अतिरिक्त सूचना सलाहकार हुआ करते थे। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर पुस्तक लिखी है। हरिवंश के अनुसार चंद्रशेखर जीवनभर पूरी तरह फियरलेस थे और अपनी बात को लेकर सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों से टकराने में अपनी दोस्ती तक को दांव पर लगा देते थे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित

दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक् दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियें। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

पंजर भोकवा मेला

पटना में बुधवार को पंजर भोकवा मेले के तहत निकाले गए धार्मिक जुलूस में भाग लेते लोग।

आज की पाती

आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है। - *सुनील सक्सेना, भिलाई*

ट्रेंड

दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

संविधान से चलेगा देश

कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

मुनियों पर हमला निंदनीय

मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगजाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

महिला श्रम बल

हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

-किरण मजूमदार, उद्यमी

करंट अफेयर

मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध

मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है।

राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, 'यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है।' मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।

ऑफ बीट

रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।

लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

देश की शीर्ष अदालत ने की ऐतिहासिक टिप्पणी, भाषा कोई धर्म नहीं होती, यह संवाद का एक माध्यम

सुप्रीम कोर्ट का सवाल, साइनबोर्ड पर उर्दू से चिढ़ क्यों? यह तो गंगा जमुनी तहजीब का आधार, इसे 'विदेशी' करार देना सरासर गलत

अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक टिप्पणी में कहा कि उर्दू भाषा भारतीय संस्कृति की आत्मा का हिस्सा है और इसे किसी भी रूप में विदेशी करार देना सरासर गलत है। महाराष्ट्र के अकोला जिले में पातुर नगर परिषद भवन पर उर्दू साइनबोर्ड को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इसे हिंदुस्तानी तहज़ीब का बेहतरीन नमूना बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि भाषा कोई धर्म नहीं होती, न ही वह किसी मज़हब की बपौती है। भाषा तो संस्कृति की वाहक है, संवाद का माध्यम है। अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहज़ीब की जीवंत मिसाल है।

उर्दू की ऐतिहासिक भूमिका रही

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने यह फैसला सुनाया

अदालत ने कहा कि उर्दू भी भारत की ही उपज है, और यह गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत मिसाल है।

यह था मामला?

पूर्व पार्षद की याचिका में पातुर नगर परिषद भवन के उर्दू साइनबोर्ड को गैरकानूनी बताया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि महाराष्ट्र स्थानीय प्राधिकरण (राजभाषा) अधिनियम, 2022 के तहत उर्दू का प्रयोग वर्जित है। लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया था, और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा है।

उर्दू कोई विदेशी भाषा नहीं

अदालत ने इस धारणा को बिलकुल गलत बताया कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है। उर्दू एक इंडो-आर्यन भाषा है, जो भारत में ही जन्मी और विकसित हुई। यह संवाद की जरूरतों से निकली और फ़ारसी, संस्कृत, हिंदी जैसी भाषाओं से घुलती-मिलती रही। फैसले में यह भी कहा गया कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय 'हिंदुस्तानी' को राष्ट्रीय भाषा बनाने की दिशा में प्रयास हो रहे थे।

न्यायपालिका की भाषा भी उर्दू से अछूती नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफ़नामा, पेशी, वकालतनामा जैसे कई शब्द भारतीय न्याय व्यवस्था में आज भी उर्दू के रूप में जीवित हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर हम उर्दू को नकारते हैं, तो हम हिंदी को भी कमजोर करते हैं, क्योंकि दोनों में बहुत गहरा रिश्ता है। कोर्ट ने अपने फैसले में दो टूक कहा कि नगर परिषद के लिए उर्दू का प्रयोग संचार का माध्यम है, न कि कोई राजनीतिक या धार्मिक एजेंडा। हमें अपनी सभी भाषाओं से प्रेम करना चाहिए।

भाषा से डरो मत उसे गले लगाओ

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बेहद साहित्यिक भाषा में कहा कि भाषा धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करती। वह किसी समुदाय की विरासत होती है, उसकी आत्मा होती है। अदालत ने यह भी कहा कि हमें अपनी विविधता में सौंदर्य देखना चाहिए, क्योंकि भारत की असली पहचान उसकी भाषाई विविधता में ही छिपी है।

खबर संक्षेप

बर्क का न्यायिक जांच आयोग में बयान दर्ज

लखनऊ। संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क

बुधवार को न्यायिक जांच आयोग के सामने बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंचे। आयोग ने उन्हें और एक विधायक के बेटे को आयोग के लखनऊ स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था। बर्क ने कहा, जवाब देना मेरा कर्तव्य है।

मणिकर्णिका में रील के चक्कर में बही महिला

मणिकर्णिका। उत्तरकाशी के मणिकर्णिका में रील बनाते वक्त एक महिला भागीरथी नदी में बह

गई। हादसे के वक्त महिला की मासूम बच्ची 'मम्मी-मम्मी... चिल्लाती रही। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। 14 अप्रैल को मणिकर्णिका में महिला नदी में डूब गई। नेपाली मूल की विशेषता घाट पर गई थी। रील के चक्कर में नदी में डूब गई।

घर गिराने के बाद नगर निगम ने मांगी माफी

नागपुर। सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत दी थी कि

कोई भी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया अपनाए बगैर नहीं की जा सकती। मगर नागपुर नगर निगम ने दंगा आरोपी फहीम खान का दो-मंजिला मकान गिरा दिया। नगर निगम ने बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच के सामने माफी मांग ली है।

त्रिनेत्र गणेश मंदिर में बच्चे को ले गया बाघ

सवाई माधोपुर। राजस्थान के सवाई माधोपुर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र

गणेश मंदिर से एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दोपहर 3 बजे दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया, जब एक बाघ जंगल से निकलकर आया और 6 साल के मासूम को उठाकर ले गया।

जमीन खरीद मामले में दूसरे दिन ईडी के सामने पहुंचे वाड्रा, बोले

राजनीतिक 'प्रतिशोध' के तहत की जा रही कार्रवाई, सब वक्त का खेल, समय बदलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही

गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को भी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। लगातार दूसरे दिन पूछताछ से पहले जानेमाने कारोबारी ने बुधवार को कहा कि वह इन सबके लिए बहुत मजबूत हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए एक सियासी कार्टून भी पोस्ट किया।इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं। मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है, आप जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब इसकी जांच हुई तो प्रशासन ने पाया कि कुछ भी गलत नहीं हुआ। खट्टर जी ने मुझे उसी मामले में क्लीन चिट दे दी। मुझे समझ नहीं आ रहा कि 7 साल बाद फिर मुझसे पूछताछ क्यों हो रही है?

गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में बयान दर्ज

मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं

मैं निर्दोष, सत्य की जीत होगी

वाड्रा ने कहा कि वह निर्दोष हैं और सत्य की जीत होगी। वाड्रा ने फेसबुक पर पोस्ट किया कि मेरे जन्मदिन के सप्ताह के दौरान की जा रही सेवाएं कुछ दिनों के लिए रोक दी गई है। मैंने बुजुर्गों को भोजन कराने और बच्चों को उपहार देने की जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें मैं तब तक जारी रखूंगा, जब तक कि सरकार मुझे अच्छे काम करने और अल्पसंख्यकों के प्रति उनके अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बोलने से नहीं रोकतीष।

ये झूठा मामला : गहलोत

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की कार्रवाई पर कहा, देश में इस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, जैसे कोई बहुत बड़ा घोटाला हो गया है। भाजपा बार-बार लोकतंत्र की हत्या करने के काम करते हैं। ये बहुत खतरनाक है। ईडी पहले भी जांच कर चुकी है। क्लीन चिट भी मिल चुकी है। अब फिर से मामला शुरू कर दिया। ये झूठा मामला है, इसमें कोई दम नहीं है।

ईडी ने पहली बार की ऐसी कार्रवाई

यह संभवतः पहली बार है, जब ईडी का धनशोधन मामला अधीनस्थ अदालत द्वारा एक निजी शिकायत का संज्ञान लेने और उसके बाद मुकदमा शुरू करने के लिए आरोपियों को समन जारी करने से उपजा है। एजेंसी आमतौर पर पीएमएलए के तहत, अधिनियम की अनुसूची ए और बी में सूचीबद्ध अपराध का संज्ञान लेती है।

कांग्रेस ने देशभर में किया प्रदर्शन

एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा विरोधियों को दबाया जा रहा

ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड से जुड़े केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है किसरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने,राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस भी वहां पहुंच गई है और कई लोगों को हिरासत में ले लिया है।

ये बोले कांग्रेस नेता

एजेंडा सिर्फ विपक्ष को परेशान करना: प्रतापगढ़ी

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में अब पार्टी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के जरिए लड़ाई को कोर्ट तक ले जाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को परेशान करने की है। गुजरात में सत्र होता है, राहुल गांधी मोडासा पहुंचते हैं और यहां चार्जशीट दाखिल हो जाती है। आप क्रोनोलॉजी समझिए।

यह राजनीति से प्रेरित मामला: पायलट

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है। हमें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। हम कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं: वाड्रा

वाड्रा ने आरोप लगाया कि संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले जिन सवालों के जवाब दिए हैं, उन सभी के जवाब फिर से देने पड़ रहे हैं। कोई मुद्दा ही नहीं है।

नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चला

भीड़ और पुलिस में भिड़ंत 21 घायल, 15 लोग अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुलडोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटाने का आदेश दिया था। नासिक के पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उस्मानिया चौक पर भीड़ जमा हो गई।

उपद्रवियों के पथराव में कई वाहन क्षतिग्रस्त

पुलिस अधिकारियों ने भी उन्हें शांत करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने उनकी बात भी नहीं मानी। उपद्रवियों ने पथराव किया और कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले में तीन पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरगाह को सुबह ध्वस्त कर दिया गया। संदिग्धों की 57 मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

50 एनएमसी कर्मियों ने की कार्रवाई

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह नगर निगम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान लगभग 50 एनएमसी कर्मियों ने 4 मिट्टी खोदने वाली मशीनों, 6 ट्रकों और 2 डंपरों से मलबा हटाया। इससे पहले फरवरी में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने दरगाह के निकट कई अनधिकृत संरचनाओं को हटा दिया था। नासिक सेंट्रल की विधायक देवयानी फरांडे ने भी कहा था कि पूरे स्थल को साफ किया जाना चाहिए।

भाजपा ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर ममता को घेरा, मनाया शहीद दिवस

हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं: सुवेंदु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ममता हिंदुओं की बलि चढ़ाना चाह रहीं

मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए हिंदू परिवार को श्रद्धांजलि देते हुए, भाजपा ने कोलकाता में राज्य विधानसभा के बाहर हिंदू शहीद दिवस मनाया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी विधायकों की सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू आबादी भावुक है, यह दुखद है। पूरा राज्य सड़कों पर है और हिंदू शहीद दिवस मना रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता को पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें जेल जाना चाहिए। हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं। भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं हैं।

हम बार-बार कह रहे थे कि हमारे राज्य में हिंदू विरोधी सरकार सत्ता में आ गई है। ममता बनर्जी असली मुसलमानों से भी ज्यादा मुस्लिम बनने की अपनी हरकतों से हिंदुओं की बलि चढ़ाना चाहती हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुस्लिम मौलवियों के साथ बैठक पर सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि यह एक सम्मानित बैठक थी। ये लोग दंगाई हैं। ममता बनर्जी उन्हें दिल्ली जाने और दिल्ली बंद करने के लिए उकसा रही हैं। दिल्ली जाने के लिए आपको उत्तर प्रदेश से होकर जाना होगा। ममता बनर्जी दिल्ली, बिहार और यूपी में सत्ता में नहीं हैं। वहां नीतीश कुमार और योगी आदित्यनाथ हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बीएसएफ, केंद्रीय बलों, वर्दीधारी बलों, सशस्त्र बलों को गाली देना टीएमसी की संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया है। वे सेना, सीएपीएफ, सीआरपीएफ, एनएसजी, एनएसए, एनआईए और सभी एजेंसियों को गाली देते हैं और यह उनकी पुस्तिका बन गई है।न्यायालय ने कहा है कि मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बल तैनात किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें बंगाल पुलिस पर कोई भरोसा नहीं है, कि ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद से यह राजनीतिक हिंसा के लिए संस्थागत हो गई है। यह केवल दंगाइयों को बचाने और उनका बचाव करने के लिए किया जा रहा है, क्योंकि हम जानते हैं कि यह राज्य प्रायोजित हिंसा है, हिंदुओं पर राज्य प्रायोजित लक्षित हमले हो रहे हैं। रविशंकर प्रसाद ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या उनकी सरकार बुनियादी मानवीय मूल्यों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो गई है।

मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक में बोलीं ममता

भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, यहां हिंसा पूर्व नियोजित थी

वक्फ पर बंगाल के कई शहरों में हिंसा, प्रदर्शन और हमले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में थी। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई। ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन भाजपा समाज को बांट रही है।

भाजपा ने रामनवमी पर हिंसा की योजना बनाई थी

ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु लोगों के पास जाएं, एकता का संदेश दें।

योगी पर की अभद्र टिप्पणी

बेनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है। योगी ने मंगलवार को ममता पर तीखा हमला बोला था।

सैनिटरी कचरा का निपटान देशभर में एक बड़ी चुनौती

महाराष्ट्र का कराड एक रोल मॉडल के रूप में उभरा और उसने मानक स्थापित किया

यहां प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम जमा हो रहा

एजेंसी ▶▶ कराड

महाराष्ट्र के कराड में अस्पतालों, क्लीनिकों, घरों और अन्य स्थानों से प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम सैनिटरी कचरा जमा किया जाता है। भारत में सैनिटरी कचरे का प्रबंधन बड़ी चुनौती है, इसका अनुचित तरीके से निपटान होने से पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा होते हैं। सतारा जिले का एक छोटा शहर कराड इस मुद्दे से निपटने में एक रोल मॉडल के रूप में उभरा है। सैनिटरी और बायोमेडिकल कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण, संग्रह और प्रसंस्करण के साथ, कराड ने प्रभावी और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के लिए एक मानक स्थापित किया है।

महिलाओं ने भी सहयोग किया

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसके बारे में बताया है। कराड नगर परिषद (केएमसी) ने महिलाओं के साथ मिलकर काम किया, जिससे महिला समूहों का गठन हुआ, जिन्होंने आवासीय क्षेत्रों में उचित सैनिटरी अपशिष्ट निपटान और पृथक्करण के बारे में जागरुकता बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। स्कूलों को सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और निपटान प्रणाली स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

कांग्रेस ने किया केंद्र पर बड़ा हमला, बोले- सिंघवी और जयराम

'मेक इन इंडिया' फेल, ये 'फेक इन इंडिया' चला रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में आई तेजी ने राजनीति में एक बार फिर हलचल मचा दी है। कांग्रेस ने जहां सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कथित रूप से फंसाने के खिलाफ देशभर में ओदोलन किए, वहीं पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी ने मोर्चा संभाला। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र पर तीखा हमला बोला। ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नाम दर्ज करने को राजनीतिक प्रतिशोध और झूठा नैरेटिव करार दिया है। पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील

अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले को वास्तविक अर्थों में प्रतिशोध बताया। उन्होंने कहा कि ईडी एक फर्जी नैरेटिव बना रही है कि मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। सिंघवी ने तर्क दिया कि एजेएल एक पुरानी कंपनी है, जो सफल नहीं हो सकी। कांग्रेस ने इसे 50 साल में अलग-अलग समय पर ऋण दिए और इसमें कोई अवैधता नहीं है। उन्होंने पहले भी कहा था कि यह मामला सरकार द्वारा अतिसंवेदनशील बनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य राजनीतिक विरोधियों को परेशान करना है। सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में सोनिया और राहुल को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी थी, जो उनके लिए बड़ी राहत थी।

जयराम ने इस मामले को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध और डराने-धमकाने की नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई देश का ध्यान आर्थिक संकट, अमेरिकी टैरिफ, चीन और बांग्लादेश के साथ तनाव जैसे मुद्दों से हटाने के लिए की जा रही है। रमेश ने इसे फर्जी नैरेटिव बताया और कहा, जब 'मेक इन इंडिया' फेल हो गया, तो ये लोग 'फेक इन इंडिया' चला रहे हैं।

नेशनल हेराल्ड मामला

नेशनल हेराल्ड अखबार, जिसकी स्थापना 1938 में जवाहरलाल नेहरू ने की थी, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित होता था। 2008 में वित्तीय संकट के कारण यह बंद हो गया। इस मामले में आरोप है कि कांग्रेस ने एजेएल को ऋण दिया, जिसे बाद में यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआई) ने अपने कब्जे में ले लिया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी, जो यंग इंडियन में 38-38 फीसदी शेयरधारक हैं, पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए हैं। ईडी का दावा है कि एजेएल की 661 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अवैध रूप से हस्तांतरित किया गया, जिसमें दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में संपत्तियां शामिल हैं। 11 अप्रैल 2025 को, ईडी ने इन संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की, और 15 अप्रैल 2025 को सोनिया गांधी (आरोपी नंबर 1), राहुल गांधी (आरोपी नंबर 2) और अन्य के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत चार्जशीट दायर की। विशेष अदालत इस चार्जशीट पर 25 अप्रैल 2025 को सुनवाई करेगी।

सरकार ने एपीएम वाली गैस आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

सरकार ने शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए सस्ती गैस की आपूर्ति घटाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने इंद्रप्रस्थ गैस लि., महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी टोटल गैस लि. जैसे शहरी गैस वितरकों को कम लागत वाली एपीएम यानी सरकारी मूल्य व्यवस्था वाली गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। इस कमी की भरपाई अपेक्षाकृत अधिक महंगे ईंधन से की गयी है।

तीनों शहरी खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि गैस आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नोडल एजेंसी गेल (इंडिया) लि. ने पुराने क्षेत्रों से गैस की आपूर्ति में कटौती की जानकारी दी है। इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है क्योंकि इसके मूल्य के बारे में समय-समय पर सरकार निर्णय करती है।

एपीएम गैस का उत्पादन घट रहा

एपीएम गैस की वर्तमान कीमत 6.75 प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) है। इसका उत्पादन नौ से 10 प्रतिशत वार्षिक दर से घट रहा है, क्योंकि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन कम हो रहा है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) उत्पादन को बनाये रखने के लिए अधिक कुओं की खुदाई में निवेश कर रही है। लेकिन इससे लागत बढ़ रही है और इसका असर ऊंची कीमत के रूप में दिख रहा है।

- कमी की भरपाई अपेक्षाकृत महंगे ईंधन से की गई
- इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है

नए कुओं से 125 फीसदी गैस का आवंटन

आईजीएल ने कहा, ''गेल (इंडिया) लि. से कंपनी को सूचना मिली है कि 16 अप्रैल, 2025 से कंपनी को घरेलू गैस आवंटन में कमी आएगी। कंपनी को संशोधित घरेलू गैस आवंटन पिछले आवंटन से लगभग 20 प्रतिशत कम है।'' कंपनी ने कहा कि उसे आपूर्ति में कमी के एवज में नये कुओं से अतिरिक्त 125 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है।

कंपनियों का लाभ प्रभावित होगा

इससे कंपनी का लाभ प्रभावित होने की आशंका है। मुंबई में गैस वितरण करने वाली खुदरा कंपनी एमजीएल ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी 10 अगस्त, 2022 के नीति दिशानिर्देश के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित एपीएम व्यवस्था के तहत आने वाली प्राकृतिक गैस को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए आवंटित किया जाना है।

एक साल में आपूर्ति 50 फीसदी घटाई गई

ऐसी गैस को नए कुओं से उत्पादित गैस कहा जाता है और इसकी कीमत लगभग आठ डॉलर प्रति इकाई होती है। पिछले एक साल में, शहर के गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस की आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। ताजा कटौती के साथ, एपीएम गैस अब कुल शहर की गैस आवश्यकता का लगभग 34 प्रतिशत पूरा करेगी, जो पहले 51 प्रतिशत था।

कम आवंटन की भरपाई नए कुओं से

अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस लि. ने कहा कि उसे गेल से एपीएम गैस आवंटन में 15 प्रतिशत की कमी के बारे में सूचना मिली है। कंपनी ने कहा, ''एपीएम गैस के कम आवंटन की भरपाई नये कुओं से उत्पादित गैस से की जा रही है।

कंपनियां सीएनजी के दाम बढ़ा सकती है

अदाणी टोटल गैस ने कहा, ''हालांकि, उच्च मूल्य वाले नये कुओं से प्राप्त गैस से कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कंपनी इस प्रभाव को कम करने के लिए सभी उपायों पर विचार कर रही है।'' एपीएम गैस आवंटन में कटौती से शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत बढ़ जाएगी। इसके परिणामस्वरूप कंपनियां फिर से सीएनजी के दाम बढ़ा सकती हैं।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 77,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 309.40 अंक चढ़कर फिर से 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। एनएसई निफ्टी में भी 108.65 अंक की बढ़त रही।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। खुदरा महंगाई के करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत हुई।

\वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को खारिज करते हुए बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक में उतार-चढ़ाव होता रहा। इस दौरान इसने 77,110.23 के उच्च और 76,543.77 अंक के निचले स्तर को छुआ। नि फ टी 108.65 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

- एनएसई निफ्टी में भी 108 .65 अंक की तेजी
- विदेशी निवेशकों ने की ताजा खरीदी

इन शेयरों में रही तेजी : *सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 7.12 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, मारुती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

ये शेयर रहे नुकसान में : *दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 6,065.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।*

यस बैंक को आईटी से 244 करोड़ की नोटिस

नई दिल्ली। यस बैंक ने कर निर्धारण वर्ष 2016-17 के लिए 244.20 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिलने की बुधवार को जानकारी दी। उस पर कर की गणना के लिए निर्धारित आय के बजाय आयकर रिटर्न में बताई गई आय पर विचार किया गया। इस संबंध में 15 अप्रैल, 2025 को क्षेत्राधिकार निर्धारण अधिकारी ने नया आदेश पारित किया। यस बैंक ने कहा, ''उक्त सुधार आदेश के परिणामस्वरूप 244.20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग उत्पन्न हुई है... बिना किसी ठोस वजह के इसकी काफी अधिक पुनर्गणना की गई है।'' इसमें कहा गया, इस आदेश के विरुद्ध बैंक तत्काल आधार पर जेएओ के समक्ष सुधार आवेदन दायर करेगा क्योंकि मांग निराधार प्रतीत होती है। इसके अलावा बैंक अपील दायर करने सहित अन्य सभी उपलब्ध उपायों पर विचार करेगा।

अगले पांच वर्षों में 50 हवाई अड्डे विकास की योजना

नई दिल्ली। सरकार की अगले पांच वर्ष में 50 हवाई अड्डा विकास परियोजनाएं शुरू करने की योजना है। देश में वर्तमान में 159 हवाई अड्डे हैं और इनकी संख्या 2014 के 74 की तुलना में दोगुनी हो गई है। विमानन परिवेश को विकसित करने के लिए समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें विमानन कंपनियों को समर्थन देना और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों का विस्तार करना शामिल है। पांच वर्षों में 50 हवाई अड्डा विकास परियोजनाएं शुरू करने की योजना है। सचिव ने हवाई अड्डों के विकास के लिए सरकार के सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) पर ध्यान देने की बात पर जोर दिया और कहा कि हवाई अड्डा परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए एक 'सुव्यवस्थित तंत्र' भी मौजूद है।

सोना 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 के नए शिखर पर, चांदी भी उछली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी। इस साल अब तक सोने की कीमतों में एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 18,710 रुपये या 23.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,650 रुपये बढ़कर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में एक बार फिर जोरदार तेजी आई...एमसीएक्स सोना 95,000 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

सोना हाजिर में भी बढ़कर सौदे

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हो गया और इसमें 3,299.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हुआ।

- बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण सोना बना सुरक्षित निवेश
- चांदी 1,900 रुपए उछलकर 97,650 रुपए प्रति किलोग्राम

आईआईटी रोपड़ ने पराली निपटान हेतु बनाई सस्ती व टिकाऊ मशीन

रोपड़/चंडीगढ़। पराली प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता की चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व पहल में, आईआईटी रोपड़ आईहब अवध (कृषि और जल प्रौद्योगिकी विकास हब), आईआईटी रोपड़ ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अंतः विषय साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के तहत एक अभिनव इन-हाउस प्रौद्योगिकी स्टबल रिमूविंग मशीन पेश की है। आईआईटी रोपड़ में आईएचयूबी एडब्ल्यूएडीएच के डोमेन समन्वयक और संकाय में से एक डॉ. प्रबीर सरकार द्वारा विकसित, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल) 9 के साथ, स्टबल रिमूविंग मशीन पूरी तरह से विकसित, परीक्षण की गई और बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए तैयार है, जो किसानों को स्टबल प्रबंधन के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का एक अभिनव और व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है। यह अत्याधुनिक तकनीक पारंपरिक पराली निपटान विधियों के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल, लागत-प्रभावी और कुशल विकल्प प्रदान करती है, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। यह ट्रैक्टर-माउंटेड सिस्टम किसानों को पराली अवशेषों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों सुनिश्चित होते हैं। यह जमीन से कुछ सेंटीमीटर तक पराली को काटता है और स्वचालित रूप से इसे ट्रॉली में लोड करता है, जिससे श्रम की आवश्यकता और ईंधन की लागत में काफी कमी आती है - जो किसानों के लिए दो प्रमुख चिंताएँ हैं। यह बहुमुखी मशीन चावल और गेहूं दोनों के पराली को हटाने के लिए उपयुक्त है और केवल एक ऑपरेटर की आवश्यकता के साथ बड़े खेतों को कवर करने में सक्षम है। 5-6 लाख की कीमत वाली पराली हटाने वाली मशीन किसानों के लिए एक किफायती, कुशल और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जो टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देती है। अपनी उन्नत तकनीक और उच्च-प्रदर्शन डिजाइन के साथ, यह मशीन पराली प्रबंधन में क्रांति लाने और खेत की उत्पादकता बढ़ाने के लिए तैयार है।

- आईआईटी रोपड़ आईहब अवध ने पर्यावरण के लिए उपयुक्त और लागत प्रभावी इन-हाउस स्टबल चार्जिंग मशीन का अनावरण किया

पराली हटाने वाली मशीन की मुख्य विशेषताएं:

पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ: पराली जलाने की आवश्यकता को समाप्त करता है, वायु प्रदूषण को कम करता है और मिट्टी के पोषक तत्वों को संरक्षित करता है।

नई दिल्ली। माननीय विधायक, नकुद्ध थी मुकेश चौधरी ने जनपद सहारनपुर में उत्तरी क्षेत्र -1 पॉवरग्रिड की मीएमआर पहल के अंतर्गत तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ग्राम अध्याना स्थित निजत जूनियर हाई स्कूल का जीर्णोद्धार। ग्राम अध्याना में सौर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना। ग्राम कंजिवांस में सीसी सड़क का निर्माण। साथ ही उन्होंने ग्राम अध्याना में तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्गीकरण कार्य की आधारजिना भी रखी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहारनपुर, कार्यपालक निदेशक उत्तरी क्षेत्र- *, कार्यपालक निदेशक सीएसआर (सीसी), ग्राम प्रधान (अध्याता) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लगातार चौथी बार अमेरिका बना भारत का टॉप ट्रेड पार्टनर

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। वहीं, इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 बिलियन डॉलर हो गया है। पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में चीन से आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। वहीं, अगर आयात की बात करें, तो 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 42.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग ऋषिकेश और कर्णप्रयाग परियोजना की सुरंग संख्या 8 का उद्घाटन

नई दिल्ली। समारोह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उत्तराखंड के सीएम और स्थानीय सांसद अनिल बलोनो जी की मौजूदगी में हुआ। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना में 14.58 किमी लंबी सुरंग संख्या । भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरसः बनने जा रही है। वर्तमान में रेल सुरंग उधमपुर श्रीनगर बारामुल्ला रेल जिंक (यूएसबीबारएल) के कटरा-बनिहाल खंड पर खारी और सुबर स्टेशनों के बीच 12.75 किमी सड़क सुरंग 9.02 किमी अटल सुरंग को मनाली-लेह राजमार्ग में सबसे लंबी सड़क सुरंग माना जाता है।

मुख्य विशेषताए : 12 स्टेशन, 19 बड़े पुल, 38 खोटे पुल परियोजना की कुल लंबाई: 125.20 इसमें से 83% सुरंग है (104 किमी) 14.72% बुने तहबंध है (18.4 किमी) 2.21% महत्वपूर्ण पूल हैं (3.07 किमी) मुख्य सुरंग की कुन नंबाई 104 किमी बऔर सुरंगों की संख्या 16 है परियोजना की कुन सुरंग की लंबाई 213.57 किमी है। 104 किमी की 16 मुख्य सुरग, 97.72 किमी की 12 एस्केप सुरंग बऔर 7.05 किमी कॉम पैसेज) सबसे लंबी सुरंगः 24.58 पुन की लंबाईः आधा किमी श्रीनगर पुल संख्या 09 पुल की ऊंचाई 46.9 मीटर गौचर पुल 15 सबसे लंबा पुलः 125 मीटर देवप्रयाग पुन 06, सुरंगः 6.00 किमी में आगे, संरेखण गुरमों में है। 16 सुरंगों को 10 पैकेजों में विभाजित किया गया है। डीडी और पीएमसी अनुबंधों ने सभी पैकेजों में डिजाइन का काम पूरा कर लिया है। सभी सुरंगों के सुरंग निर्माण कार्य एक साथ शुरू हुए। वर्तमान सुरंग निर्माण प्रगति (मुख्य सुरम, एस्केप सुरंग, एडिट और क्रॉन पैसेज सहित) 213 किमी के कुल दायरे के मुकाबले 195 किमी है। लंबी सुरंगों के शीघ्र पूरा होने की सुविधा के लिए सुरंग खुदाई के अतिरिक्त कार्य-मुख बनाने के लिए विभिच सुरंगों में भाड़ एडिट की पहचान की गई थी और मुख्य सुरंग निर्माण कार्य शुरू होने से पहले उन्हें पूरा कर लिया गया था।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) MAH FURIO14FBT
REG. NO. UP14HT8814-YOM-2019
MINIMUM RESERVE PRICE 3,77,187.755

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 01-05-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL–punit.parshar@kotak.com

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एक दशक में होगा भारत का पर्यटन बाजार 21 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन दीप कालरा ने बुधवार को कहा कि भारत का सतत पर्यटन बाजार एक दशक में बढ़कर 21.6 करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा जो फिलहाल 3.7 करोड़ डॉलर है। मेकमाईट्रिप फाउंडेशन कालरा ने सतत पर्यटन विकास के चलते प्रस्तुत अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '' भारत का सतत पर्यटन बाजार अब भी आकार में छोटा है। डॉलर के हिसाब से यह करीब 3.7 करोड़ डॉलर का है। आज यह करोड़ों में होना चाहिए... अभी यह लगभग 320 करोड़ रुपये है, लेकिन 10 वर्ष में यह 21.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ ही सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक होगा।'' मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन ने बताया कि स्थिरता के संदर्भ में, आज भारत में कुल पर्यटन का केवल एक से दो प्रतिशत ही सतत कहा जा सकता है।

उत्तर रेलवे
केंद्रीय अस्पताल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली
खुली निविदा सूचना

पत्र सं. –128-W-269-O.E.T-01-2025-26-NRCH दिनांक : 16.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती हैं

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1.	एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में तीन वर्ष की अवधि के लिए एनआरसीएच में मेडिकल गैसों और वैक्यूम पाइपलाइन प्रणाली (एमजीवीपीएस) के लिए पुर्जों सहित संचालन और रखरखाव के साथ व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।	रु. 4053198.35	रु. 81100/-	36 माह	09.05.2025

सूचना : निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 09.05.2025 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।

निदेशक/एडमिन/केंद्रीय अस्पताल

1121/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शब्द पहेली - 5839



बाएँसेदाए±

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

शब्द पहेली - 5838 का हल

अ	ति	आ	व	श्य	क		का	रा	वा	स
ज	ल		र		म	छ	ली		र	मा
र		अ	दा	का	र		न	र		धा
अ	र	मा	न		बं	द		ज	मी	न
म		न		म	द	म	स्त		रा	
र	ज	त	प	ट		क	र	म	ज	ला
	प		ट	क	रा	ना		स		ल
मु	ना	दी		ना	ग		द	ल	ह	न
ला		प	री		गा	ड़ी	वा	न		या
का	का		त	न	य		ध		न	ल
त	र	सा	ना		न	ग	र	भ	व	न



दिल्ली ने सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को हराया

रॉयल्स को हराकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचे, स्टार्क ने पलटा मैच

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर जीत की राह पर वापसी की। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने वाले दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम में पिछला मैच गंवाया था लेकिन बुधवार को जीत हासिल की। टीम अब छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम चार अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सुपर ओवर में रॉयल्स के लिए शिमरोन हेटमायर (06) और रियान

पराग (04) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि गेंद मिचेल स्टार्क ने थामी। हेटमायर और पराग ने चौके मारे लेकिन पराग फ्री हिट पर रन आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल (00) भी इसके बाद रन आउट हुए जिससे दिल्ली को 12 रन का लक्ष्य मिला। दिल्ली की ओर से लोकेश राहुल (नाबाद 07) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 06) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि रॉयल्स ने गेंद संदीप शर्मा को थमाई। राहुल ने पहली गेंद पर दो रन लिए और फिर अगली गेंद पर चौका मारा। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा (51 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (51 रन, 37 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी। रॉयल्स की टीम एक समय 14वें ओवर में एक विकेट पर 112 रन बनाकर काफी मजबूत स्थिति में थी लेकिन दिल्ली की टीम स्टार्क (36 रन पर एक विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वापसी करने में सफल रही।

दिल्ली ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए थे। मेजबान टीम की ओर सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। कप्तान अक्षर पटेल ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन (31) ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 63 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने मुकेश कुमार पर छक्का जड़ने के बाद मिचेल स्टार्क की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का भी मारा।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
दिल्ली	6	5	1	10
गुजरात	6	4	2	8
बेंगलुरु	6	4	2	8
पंजाब	6	4	2	8
लखनऊ	7	4	3	8
कोलकाता	7	3	4	6
मुंबई	6	2	4	4
राजस्थान	7	2	5	4
हैदराबाद	6	2	4	4
चेन्नई	7	2	5	4

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

खबर संक्षेप

हैरियट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने को कहा

पेरिस। ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन

से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, 'क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी।

नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में जीता रजत

नई दिल्ली। भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

'एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी' की लांच 29 को

नई दिल्ली। अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किए हैं। इसमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढ़ावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्परकोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब ' द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूजुअल मेमोयर' को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा।

चैंपियंस लीग : बर्सिलोना को 5-3 के कुल स्कोर से मिला फयदा

गुइरासी की हैट्रिक बेकार, डॉर्टमुंड जीतकर भी बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची बार्सिलोना

एजेंसी ▶▶ डॉर्टमुंड

सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की। यह स्पेनिश क्लब की पिछले साल दिसंबर के बाद किसी भी तरह की प्रतियोगिता में यह पहली हार थी। इसके बावजूद बर्सिलोना 5-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

बार्सिलोना ने क्वार्टर फ़ाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया। गुइरासी ने 11वें, 49वें और 76वें मिनट में गोल किए जबकि बार्सिलोना के फॉरवर्ड रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की कुछ खास नहीं कर पाए। बार्सिलोना ने दूसरे चरण में अपना खाता 56वें मिनट में रेमी बेंसबैनी के आत्मघाती गोल से खोला। सेमीफाइनल में बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।

एस्टन विला की किस्मत खराब, अंतिम-4 में पीएसजी

बर्मिंघम। एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन इस इंग्लिश क्लब को 5-4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला

का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली। विला ने हाफटाइम से पहले यूरी टाईलेमैन्स के गोल से वापसी की जबकि दूसरे हाफ के शुरू में जॉन मैकगिन और एज़री कोन्सा ने दो मिनट के अंतराल में गोल करके उसकी उम्मीद जगा दी। केवल पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने इसके बाद शानदार बचाव करके विला को चौथा गोल करने से रोक दिया।

खास खबर

सुरुचि ने जीता लगातार दूसरा स्वर्ण पदक, मनु की चांदी

एजेंसी ▶▶ लीमा

युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया। ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।

सही दिशा में आगे बढ़ रहा भारत

पेरिस ओलंपिक में महिला एयर पिस्टल और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने कहा, 'मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेगी। मुझे उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों के साथ मैं भी गति बनाए रखूंगी।'

क्वालीफिकेशन राउंड

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

सौरभ ने जीता कांस्य

सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है।

शीर्ष पर भारत

पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता।

नए फिजियो-ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआई

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाए हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता में, मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए।

टेनिस

डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ म्युनिख

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने मंगलवार को यहां बीएमडब्लू ओपल के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की। डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद इसमें में जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्न्स के खिलाफ खेलेंगे।

अलियासिमे तीन सेट में हारकर बाहर

अन्य मैचों में मारियानो नवोन ने तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 2-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया, चौथे वरीय उगो हम्बर्ट ने निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। जर्मनी के वाइल्ड कार्ड यानिक हनफमैन ने छठे वरीय जैकब मेनसिक को 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हराया।

राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती

लंदन। राष्ट्रमंडल खेल ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्लूएस की ओर से यह पुष्टि 'एजेंसी' द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्लूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' प्राप्त हुई है।

ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की मेजबानी करेगा पोमोना शहर

एजेंसी ▶▶ दुबई

दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है।

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा।

तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा।' क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था। इसे अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया।

आईपीएल में हो रही रोबोटिक डॉग की चर्चा

नई दिल्ली। भारत में इन दिनों दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। दुनिया की सबसे महंगी लीग आईपीएल में टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। मौजूदा सीजन में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में अब रोबोट कैमरा डॉग के रूप में एक नया अनोखा बदलाव हुआ है। तकनीक के चमत्कार और मनोरंजन के प्रतीक के रूप में चार पैरों वाला यह रोबोट अब सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो के जरिए इस बात का खुलासा हुआ। इस वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने रोबोट डॉग को पेश किया।

रोहित शर्मा का फॉर्म मुंबई के लिए बना चिंता का विषय

मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर निगाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

बुमराह को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। सनराइजर्स

की टीम अभी नौवें स्थान पर है। सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

बल्ले के आकार की जांच से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा : विटोरी

मुंबई। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में अंपायरों द्वारा बल्ले के आकार की जांच करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। विटोरी ने कहा कि काश उनके खेलने के दिनों में भी ऐसे मापदंड लागू होते। अंपायर बल्ले की जांच एक गेज से करते रहे हैं, जिससे बल्ले को गुजरना पड़ता है। इसका मकसद बड़े आकार के बल्ले के इस्तेमाल को खत्म करना है। इस सत्र में मैदानी अंपायरों के पास मैच के दौरान बल्ले की जांच करने की छूट है। इसका ताजा उदाहरण कोलकाता नाइट राइडर्स के एनरिक नॉर्किया है। मंगलवार को उनका बल्ला परीक्षण में विफल रहा जिसके बाद उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में इसे बदलना पड़ा। विटोरी ने कहा, 'काश जब मैं खेल रहा था तब भी उन्होंने बल्ले की जांच की होती। नहीं, मुझे नहीं लगता कि इससे कोई फर्क पड़ेगा।'



आखिरकार पिघलने लगी भारत चीन रिश्तों में जमी बर्फ...

चीन ने इस साल भारतीयों को जारी किए 85 हजार से अधिक वीजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका और चीन के मध्य जारी टैरिफ वॉर के बीच भारत के लिए उसके पड़ोस से एक खुशखबरी आई है। जिसमें पता चला है कि चीन के द्वारा इस साल कुल 85 हजार से अधिक भारतीयों को वीजा दिया गया है। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में चीन के दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने इस साल की शुरुआत यानी 1 जनवरी से 9 अप्रैल 2025 तक 85 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को चीन की यात्रा करने के लिए वीजा जारी किए हैं। फेइहोंग ने कहा कि चीन की यात्रा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा 'भारतीय मित्रों' का स्वागत है। जिससे वह एक खुले हुए, सुरक्षित, जीवंत, ईमानदार और मैत्रीपूर्ण चीन का अनुभव कर सकें।

ऑनलाइन आवेदन का झंझट खत्म

चीन की सरकार ने भारत से चीन की यात्रा करने वाले लोगों को वीजा में कई तरह की राहत प्रदान की है। जिसमें बिना ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के अब कोई भी भारतीय वीजा आवेदक कामकाजी दिनों में चीन के वीजा केंद्र पर जाकर सीधे अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। कम अवधि के लिए चीन की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब बायोमेट्रिक डेटा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिससे उन्हें वीजा देने की प्रक्रिया में लगने वाला समय घटेगा। चीन ने भारतीयों के लिए वीजा प्रदान करने का शुल्क भी घटाया है, बिजनेस और पर्यटक वीजा देने में लगने वाले समय को भी कम किया गया है। इसके अलावा चीन की कोशिश ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीयों को पर्यटक वीजा देने की है। जिसके जरिए वह उन्हें अपने सांस्कृतिक और पर्व-त्योहार के साथ ही पर्यटन से जुड़े अन्य क्षेत्रों से रूबरू कराना चाहता है।

चीन पर भरोसा करना मुश्किल?

उधर, जानकारों का कहना है कि चीन का यह कदम निश्चित रूप से संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है, जिससे दोनों देशों के आम लोगों के बीच संबंध मधुर होंगे। लेकिन इन सबके बावजूद ड्रैगन पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जा सकता है। क्योंकि उसने बीते वक्त में भारत के साथ कई मौकों पर विश्वासघात किया है। वर्ष 1962 का युद्ध इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। जिसे चीन और उसके तत्कालीन शासकों ने हिंदी-चीनी भाई-भाई के नारे के साथ भारत की पीठ पर छुरा घोंपकर लड़ा था। इसलिए भारत को फिलहाल देखो और इंतजार करो की नीति के साथ आगे बढ़ते हुए हर कदम फूंक-फूंक कर रखना चाहिए।

एलएसी विवाद के बाद पटरी से उतरे संबंध

गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य विवाद के आगाज के साथ ही द्विपक्षीय संबंधों में तल्खी आनी शुरू हो गई थी। लेकिन उसी साल के जून महीने में गलवान घाटी में भारत, चीन की सेनाओं के बीच हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद दोनों के आपसी संबंध पूरी तरह से बेपटरी हो गए थे। भारत को अपने 20 सैन्य कर्मियों को खोना पड़ा था। जबकि चीन के भी तीन दर्जन से अधिक पीएलए सैनिक मारे गए थे। जिसके बाद एलएसी पर भारी भरकम हथियारों के साथ सैन्य जमावड़ा बढ़ने के साथ तनाव चरम पर था।

पिछले साल खत्म हुआ विवाद

भारत-चीन के बीच पिछले साल 2024 के अक्टूबर महीने में एलएसी विवाद पूरी तरह से खत्म होने की घोषणा की गई थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा था कि एलएसी विवाद से जुड़े हुए दो आखिरी डेमचौक और देपसांग के इलाकों में सेनाओं की वापसी पर सहमति बनी है। जिसके बाद यह विवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा था कि विवाद समाप्ति के पीछे भारत और चीन के शीर्ष नेताओं के बीच रूस के कजान में हुई द्विपक्षीय बैठक का अहम योगदान है। अक्टूबर 2024 के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य करने के लिए लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों का आयोजन करने पर सहमति जताई गई। हाल के समय में ऐसी कुछ बैठकें हुईं भी। जिनके जरिए दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने, सीधी उड़ान सेवाओं की बहाली, वीजा सुविधा और कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरुआत पर विचार-विमर्श किया गया।

खबर संक्षेप

भारत सहित तीन देशों में भूकंप, जनहानि नहीं

नई दिल्ली। बुधवार की सुबह अफगानिस्तान और बांग्लादेश में क्रमशः 5.9 और 2.9 तीव्रता के भूकंप आए। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि बुधवार सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 2.4 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह करीब 5:14 बजे अक्षांश 33.18 एन और देशांतर 75.89 ई पर आया। भूकंप की गहराई 5 किमी बताई गई है। इस दौरान कोई जान माल की हानि नहीं हुई।

आपात स्थिति में विमान काठमांडू उतरा

काठमांडू। एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के प्रवेशद्वार लुक्ला से रामेछाप जा रहे निजी कंपनी 'सीता एयर' के विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। डोर्नियर विमान में 12 भारतीय, दो नेपाली और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

विश्व की दो आर्थिक महाशक्तियों के बीच थम नहीं रहा टैरिफ वार

यूएस ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% शुल्क लगाने का किया ऐलान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच टैरिफ वार थमता नहीं दिख रहा है। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेज में ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रंप ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

चीन बोला- इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहते, लेकिन इनसे डरते भी नहीं

अमेरिका बोला- विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता से तकनीकी नवाचार खतरे में

चीन ने दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर लगाए प्रतिबंध

ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।

ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे

245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए।

टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता

जियान ने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से 'उचित और कानूनी' हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

डब्ल्यूएचओ में मामला दर्ज

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूएचओ) में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

कठुआ एनकाउंटर में सेना का खुलासा

हथियारों और विस्फोटक के साथ आए आंतकियों की लंबी थी तैयारी

एजेंसी ⏭ कठुआ

सुफैन में ढेर किए गए आतंकियों से बरामद हथियारों को कठुआ पुलिस ने राजबाग थाने में प्रदर्शित किया। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों के साथ पुलिस की चार जगह मुठभेड़ हुई। आप्रेशन में दो आतंकी मार गिराए गए और चार हमारे सिपाही शहीद हुए। इसके अतिरिक्त जगह जगह आतंकियों को घेरकर मुठभेड़ की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी आतंकी भाग रहे हैं हम इनके पीछे हैं। बताया कि ताजा घुसपैठ के बाद चार से पांच आतंकियों की जानकारी थी। दो को ढेर कर दिया गया है, शेष बचे आतंकियों को भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को काफी बढ़ाया गया है। बार्डर से लेकर पहाड़ों तक निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न सुरक्षाबल मिलकर काम कर रहे हैं।

एके-47 और एम-4 बरामद

शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों से दो एके-47 हथियार और एक एम-4 के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि सामान से यह यकीन किया जा सकता है कि गलत इरादे से और लंबे समय तक टिकने की तैयारी कर आए थे। यह आतंकी अब बिना सामान और हथियारों के घूम रहे हैं। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर इनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं। आतंकियों की कोई बड़ी योजना है, एक चरण नाकाम किया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों से छोटे पैकेट में चिट्टा और नसवार भी मिले हैं। विस्फोटक से पता चलता है ज्यादा दहशत फैलाने और आईईडी लगाने के ईरादे से आए थे जिसे विफल किया गया है।

मददगारों को कतई नहीं बख्शेंगे

सक्सेना ने कहा कि आतंकी कहां हैं, हमें पता है किस इलाके में हैं, जल्द ही उन्हें भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान आम लोगों से सुरक्षाबलों को मिल रहे सहयोग को भी सराहा। एसएसपी ने कहा कि घुसपैठ के पारंपरिक रूट अब एक्सपोज हो चुके हैं और इन्हें इन रास्तों से अब निकलने नहीं दिया जाएगा। बताया कि ओवरग्राउंड वर्करों के खिलाफ मामला दर्ज है। कुछ लोग चिन्हित किए गए हैं उनकी संलिप्तता जांची जा रही है। मददगारों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन ब्रह्मा: म्यांमार को जारी रहेगा भारत का सहयोग

म्यांमार में भूकंप के बीच चल रहे भारत के राहत-बचाव अभियान को लेकर भारत ने साफ किया अपना रुख

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बीते मार्च महीने के अंत में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच भारत द्वारा अपने पड़ोसी देश म्यांमार की सहायता के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बीते मंगलवार को वायुसेना के सी-17 परिवहन विमान के जरिए कुल करीब 20 पूर्व निर्मित कार्यालयों के कलपुर्जे (50 टन वजनी) भेजे गए हैं। जिनका प्रयोग नेपीताव में म्यांमार सरकार के कई कार्यालयों द्वारा अस्थायी ऑफिस के रूप में किया जाएगा। उधर, वायुसेना के दो सी-17 विमानों को 60 पैरा फील्ड अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों की स्वदेश वापसी के लिए तैनात किया गया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि करीब 200 बेड के सेना के इस अस्पताल के जरिए पिछले दो सप्ताह में 2 हजार 519 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

750 मीट्रिक टन राहत सामग्री भेजी

भारत ने 28 मार्च को म्यांमार में आए भूकंप के बाद ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत अपने पड़ोसी देश को सबसे पहले मदद प्रदान की। जिसमें कुल करीब 750 मीट्रिक टन राहत सामग्री भेजी गई थी। जरूरी दवाएं, खाद्य पदार्थ, तैयार भोजन, टेंट, कंबल, जेनसेट, तेजी से कार्य करने वाले मेडिकल और सर्जिकल सेल्टर, पानी और स्वच्छता से जुड़ी सामग्री, पीने का पानी, जरूरी कपड़े और 20 पूर्व निर्मित कार्यालय इसमें मुख्य रूप से शामिल हैं। मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए 80 सदस्यीय एनडीआरएफ का दस्ता और 127 सदस्यीय भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल के दल की भी तैनाती की गई। म्यांमार को भेजी गई राहत सामग्री और मानवीय सहायता के जरिए भारत ने संकट की इस घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ खड़े रहने की अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित की है। आगे भी भारत का यह सहयोग लगातार जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने की डेनमार्क समकक्ष से बात

कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे वैश्विक घटनाक्रम पर की चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन से बात करके खुशी हुई। भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी और हमारे लोगों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हमारे मजबूत समर्थन की पुष्टि की। हमने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी चर्चा की। पीएम

कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए पीएम मोदी और डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिकसन ने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के विस्तार का उल्लेख किया जिसने भारत में डेनमार्क के निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं ताकि ग्रीन ट्रांजिशन में योगदान दिया जा सके।

भारत ने यूएनएससी को लताड़ा, कहा

नई सुरक्षा परिषद में धर्म, आस्था जैसे मानदंड क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के विपरीत

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

भारत ने नयी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को प्रतिनिधित्व के आधार के रूप में शामिल करने के प्रयासों की आलोचना की और कहा है कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के पूरी तरह विपरीत है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने 'भविष्य की परिषद का आकार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर क्लस्टर चर्चा' पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि जो लोग नियम आधारित वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

बगैर विस्तार के सुधार संभव नहीं

पी. हरीश ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे तर्क कि विस्तारित एवं नयी सुरक्षा परिषद प्रभावी नहीं होगी, वास्तविक सुधारों को रोकने का प्रयास है। उचित कार्य पद्धतियों और जवाबदेही तंत्र युक्त नयी परिषद अहम वैश्विक मुद्दों पर सार्थक ढंग से काम करने में सक्षम होगी। एक ऐसा मॉडल जिसमें स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार नहीं हो वह सुधार के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकेगा और इससे स्थिति यथावत रहेगी।

रूस के बाद फ्रांस ने भारत को दिया समर्थन

रूस के बाद फ्रांस ने कहा है कि भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। फ्रांस की तरफ से यूनाइटड नेशंस जनरल असेंबली को लिखे गये एक ईमेल में फ्रांस ने कहा है कि हम ब्राजील, भारत, जर्मनी और जापान के साथ साथ अफ्रीकी देशों के लिए दो स्थायी सदस्यता सीट की मांग करते हैं। फ्रांस ने कहा है कि हम चाहते हैं अफ्रीकी देशों को एक मजबूत प्रतिनिधित्व हासिल हो, इसके अलावा दूसरे देशों को भी एक मजबूत भागीदारी मिले, जिनमें लैटिन अमेरिकी और एशिया और पैसिफिक देश शामिल हों। इससे एक दिन पहले रूस ने यूएनएससी में स्थायी सीट के लिए अपना समर्थन दिया था।

'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत फील्ड अस्पताल के जरिए भूकंप प्रभावितों की मदद के बाद हुई स्वदेश वापसी

द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर म्यांमार तक 'शत्रुजीत ब्रिगेड' ने मनवाया अपनी काबिलियत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

करीब 7.7 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बीच बीते कुछ दिनों से अपने फील्ड अस्पताल के जरिए म्यांमार के मांडले में स्थानीय लोगों तक चौबीसों घंटे मदद पहुंचाने में लगी हुई भारतीय सेना की कुल करीब 123 सदस्यीय 50वीं स्वतंत्र पैराशूट ब्रिगेड की चिकित्सा टीम बीते मंगलवार देर रात भारत वापस लौट आई है। सभी का उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर जोरदार स्वागत किया गया। सेना ने इसे लेकर कुछ वीडियो और फोटो मीडिया से साझा किए हैं। वहीं, सरकार की तरफ से हालांकि म्यांमार के भूकंप पीड़ितों तक मदद पहुंचाने के लिए शुरू किए गए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के औपचारिक समापन की घोषणा नहीं की गई है। लेकिन विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में यह जरूर कहा है कि म्यांमार को सहयोग जारी रहेगा। तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) का भी कहना है कि वह अभी भी स्टैंडबॉय की मुद्रा में पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। अगर भविष्य में कोई आवश्यकता पड़ी तो हम तत्काल आधार पर पड़ोसी देश को मदद प्रदान करेंगे। इन सबके बीच सेना की जिस 50वीं पैराशूट ब्रिगेड ने म्यांमार में बड़ी तादाद में लोगों की सहायता की। उसकी कुछ विशेषताओं के बारे में जानना आवश्यक हो जाता है। बताते चलें कि पैराशूट ब्रिगेड को आम बोलचाल की भाषा में पारस कहते हैं। ये सेना की एक हवाई पैदल सेना रेजिमेंट है। जिसमें एयरबोर्न बटालियन, आर्टिलरी बैटरी, पैरा फील्ड अस्पताल, सिग्नल और इंजीनियर सेक्शन शामिल हैं।

आजादी से पहले हुआ गठन

सेना की 50वीं पैराशूट ब्रिगेड का गठन भारत की आजादी से पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1941 में हुआ था। इसकी खास बात यह है कि यह सीधे सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के अधीन कार्य करती है और किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर महज एक से दो घंटे के भीतर देश के अंदर और बाहर मिशन को पूरा करने के लिए अपने तमाम जरूरी साजो सामान के साथ तैनात हो जाती है। ब्रिगेड का वर्तमान में मुख्यालय आगरा में है।

इन प्रमुख अभियानों में की भागीदारी

ब्रिगेड ने द्वितीय विश्व युद्ध के अलावा भारत की आजादी के तुरंत बाद 1947-48 में पाकिस्तान के साथ लड़े गए कश्मीर युद्ध में अपने वीरता और साहस का प्रदर्शन किया। इसके बाद 1961 में गोवा पर कब्जे से जुड़ी लड़ाई, 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध, ऑपरेशन कैक्टस और कारगिल युद्ध में भी इसकी बेहद अहम भूमिका रही। इसके अलावा पैराशूट ब्रिगेड के कई अधिकारी, कर्मचारियों ने संयुक्त राष्ट्र के अभियानों में पर्यवेक्षक के रूप में कार्य किया है। म्यांमार के अलावा यह ब्रिगेड नेपाल और तुर्किए में आए भूकंप में भी भारत द्वारा चलाए गए राहत और बचाव अभियान का हिस्सा रही है। इनका पर्वतारोहण में भी शानदार रिकॉर्ड रहा है।

अधिकारियों ने साझा किए अनुभव

हिंडन एयरबेस पर 50वीं पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर नवीन कुमार ने बताया कि म्यांमार की सरकार के अनुरोध पर भारत के राहत-बचाव अभियान की शुरुआत हुई थी। जिसमें सेना बाकी सशस्त्र सेनाओं के साथ शामिल थी। पहले हमारे फील्ड अस्पताल के दस्ते में कुल 118 सदस्य थे। लेकिन बाद में जरूरत के हिसाब से इसमें इजाफा किया गया और मांडले में कुल 123 सदस्यीय चिकित्सा दल ने लोगों को तत्काल आधार पर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की। 60 पैरा फील्ड अस्पताल के कमांडिंग अधिकारी (सीओ) लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल ने कहा, उनका दल भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के बाद मदद पहुंचाने के लिए पूरी तरह से सक्षम है। इससे पहले हमने नेपाल और तुर्किए में आए भूकंप के दौरान भी सहायता प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि वह बल की 60 पैरा फील्ड अस्पताल का हिस्सा रहे हैं। जो कि शत्रुजीत ब्रिगेड के अधीन है। यह अस्पताल किसी भी अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) अभियान के लिए नामित है। अस्पताल के जरिए मांडले में 2 हजार से अधिक लोगों का इलाज किया गया। पांच दर्जन से अधिक सर्जरी की गईं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109